# DIGITAL RESOURCE CENTRE (DRC)

# CENTRAL LIBRARY

## PRESS CLIPPINGS

## 1-30 NOVEMBER

## 2022

# CONTENT


| S No | Title | Author | Newspaper | Page No. | Date of Publication |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आईएफटीएम में वर्ल्ड हेरिटेज वीक सफलतापूर्वक संपन्न | | विधान केसरी | 12 | 30 November |
| 2. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में गुरु तेगबहादुर शहीदी दिवस 2022 के अवसर पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम | | युगबंधु समाचार | 13 | 30 November |
| 3. | आईएफटीएम में वर्ल्ड हेरिटेज वीक सफलतापूर्वक संपन्न | | युगबंधु समाचार | 14 | 30 November |
| 4. | आईएफटीएम में गुरु तेगबहादुर शहीदी दिवस 2022 के अवसर पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम | | विधान केसरी | 15 | 30 November |
| 5. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 8 विधार्थियो को मिली जॉब | | आज समाचार सेवा | 16 | 29 November |
| 6. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 8 विधार्थियो को मिली जॉब | | शाह टाइम्स | 16 | 29 November |
| 7. | आईएफटीएम विवि के 8 विधार्थियो को जॉब प्लेसमेंट | | अमर उजाला | 17 | 29 November |
| 8. | सांप्रदायिक सद्भावना रैली निकाली | | हिंदुस्तान | 18 | 29 November |
| 9. | आईएफटीएम के 8 विधार्थियो को कामयाबी | | हिंदुस्तान | 18 | 29 November |
| 10. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 8 विधार्थियो को मिली जॉब | | युगबंधु समाचार | 19 | 29 November |
| 11. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ सांप्रदायिक सद्भावना रैली व झंडा दिवस का आयोजन | | युगबंधु समाचार | 20 | 29 November |
| 12. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ सांप्रदायिक सद्भावना रैली व झंडा दिवस का आयोजन | | शाह टाइम्स | 21 | 29 November |
| 13. | आई एफ टी एम विश्व विद्यालय के भ्रमण पर पहुंचे उ. प्र. उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष | | युगबंधु समाचार | 22 | 27 November |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 14. | आई ऍफ़ टी एम् पहुंचे उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष | | हिंदुस्तान | 23 | 27 NOVEMBER |
| 15. | एनईपी 2020 लागु होना सभी विश्वविधालयों के लिए जरुरी | | अमर उजाला | 24 | 27 NOVEMBER |
| 16. | संविधान भारतीयों के मार्गदर्शन का ग्रंथ | | दैनिक जागरण | 25 | 27 NOVEMBER |
| 17. | आई एफ टी एम विश्व विद्यालय के भ्रमण पर पहुंचे उ. प्र. उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष | | आज समाचार सेवा | 26 | 27 NOVEMBER |
| 18. | आई एफ टी एम विश्वविद्यालय में संविधान दिवस पर आयोजित हुआ सेमिनार | | युगबंधु समाचार | 27 | 26 NOVEMBER |
| 19. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सांप्रदायिक सौहार्द अभियान सप्ताह - 2022' के अंतर्गत सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन | | शाह टाइम्स | 28 | 26 NOVEMBER |
| 20. | आई एफ टी एम विश्वविद्यालय में संविधान दिवस पर आयोजित हुआ सेमिनार | | विधान केसरी | 29 | 26 NOVEMBER |
| 21. | आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में हुआ सांस्कृतिक उत्सव | | विधान केसरी | 29 | 26 NOVEMBER |
| 22. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'संविधान दिवस' के अवसर पर आयोजित हुआ सेमिनार | | आज समाचार सेवा | 30 | 26 NOVEMBER |
| 23. | भारतीयों के मार्गदर्शन का ग्रंथ है संविधान | | हिंदुस्तान | 31 | 26 NOVEMBER |
| 24. | सांप्रदायिक सौहार्द पर रखे विचार | | हिंदुस्तान | 31 | 26 NOVEMBER |
| 25. | आईएफटीएम में ऍप्लिकेशन्स ऑफ़ ड्रोन फॉर प्रफिटेबले एग्रीकल्चर विषय पर हुआ व्याख्यान का आयोजन | | शाह टाइम्स | 32 | 25 NOVEMBER |
| 26. | आई एफ टी एम के फार्मेसी संकाय में हुआ पैरेंट्स - मेंटर मीट का आयोजन | | आज समाचार सेवा | 33 | 25 NOVEMBER |
| 27. | आईएफटीएम में पैरेंट्स मेंटर मीट हुई | | हिंदुस्तान | 34 | 25 NOVEMBER |
| 28. | सांप्रदायिक सौहार्द पर लिखे निबंध | | हिंदुस्तान | 34 | 25 NOVEMBER |
| 29. | स्मार्ट एग्रीकल्चर पर दिया जोर | | हिंदुस्तान | 34 | 25 NOVEMBER |
| 30. | फार्मेसी संकाय में हुई पैरेंट्स - मेंटर मीट | | दैनिक जागरण | 35 | 25 NOVEMBER |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 31. | आईएफटीएम में 'संविधान दिवस' पर हुआ सेमिनार | | विधान केसरी | 36 | 25 NOVEMBER |
| 32. | आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में हुआ सांस्कृतिक उत्सव | | विधान केसरी | 37 | 25 NOVEMBER |
| 33. | ऍप्लिकेशन्स ऑफ़ ड्रोन फॉर प्रफिटेबले एग्रीकल्चर विषय पर हुआ व्याख्यान का आयोजन | | विधान केसरी | 38 | 25 NOVEMBER |
| 34. | आई एफ टी एम के फार्मेसी संकाय में हुआ पैरेंट्स - मेंटर मीट का आयोजन | | विधान केसरी | 39 | 25 NOVEMBER |
| 35. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में चलाया जा रहा है 'सांप्रदायिक सौहार्द सप्ताह' अभियान | | शाह टाइम्स | 40 | 25 NOVEMBER |
| 36. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में पर्सनालिटी डेवेलोपमेंट एंड कम्युनिकेशन स्किल्स तथा मार्केटिंग स्ट्रैटेजीस फॉर न्यू स्टार्टअप्स पर आयोजित हुई कार्यशाला | | युग बंधु समाचार | 41 | 24 NOVEMBER |
| 37. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी के विध्यार्थियों ने किया बेस्ट अशोका एम्प्लिमेंट्स औद्योगिक प्रतिष्ठान का भ्रमण | | युग बंधु समाचार | 42 | 24 NOVEMBER |
| 38. | व्यापर और संचार कौशल में गहरा सम्बन्ध : संजीव | | अमर उजाला | 43 | 24 NOVEMBER |
| 39. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी के विध्यार्थियों ने किया बेस्ट अशोका एम्प्लिमेंट्स औद्योगिक प्रतिष्ठान का भ्रमण | | शाह टाइम्स | 44 | 24 NOVEMBER |
| 40. | आईएफटीएम में दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न | | हिंदुस्तान | 45 | 24 NOVEMBER |
| 41. | मार्केटिंग स्ट्रैटेजीस फॉर न्यू स्टार्टअप्स पर व्याख्यान | | शाह टाइम्स | 46 | 24 NOVEMBER |
| 42. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी के विध्यार्थियों ने किया बेस्ट अशोका एम्प्लिमेंट्स औद्योगिक प्रतिष्ठान | | विधान केसरी | 47 | 24 NOVEMBER |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | का भ्रमण | | | | |
| 43. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में पर्सनालिटी डेवेलोपमेंट एंड कम्युनिकेशन स्किल्स तथा मार्केटिंग 25स्ट्रैटेजीस फॉर न्यू स्टार्टअप्स पर आयोजित हुई कार्यशाला | | विधान केसरी | 48 | 24 November |
| 44. | आईएफटीएम में फार्मेसी सप्ताह का आरम्भ | | हिंदुस्तान | 49 | 22 November |
| 45. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह शुरू | | अमर उजाला | 50 | 22 November |
| 46. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह का शुभारंभ | | शाह टाइम्स | 51 | 20 November |
| 47. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में "वर्ल्ड हेरिटेज वीक " के तहत आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम | | शाह टाइम्स | 52 | 20 November |
| 48. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय की बैडमिंटन की टीम 'नार्थ जोन इण्टर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन टूर्नामेंट 'में हिस्सा लेने के लिए रोहतक रवाना | | युग बंधु समाचार | 53 | 19 November |
| 49. | आईएफटीएम में राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह का हुआ शुभारंभ | | युग बंधु समाचार | 54 | 19 November |
| 50. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में "वर्ल्ड हेरिटेज वीक " के तहत आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम | | युग बंधु समाचार | 55 | 19 November |
| 51. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह का शुभारंभ | | विधान केसरी | 56 | 19 November |
| 52. | आईएफटीएम में वर्ल्ड हेरिटेज वीक के तहत आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम | | विधान केसरी | 57 | 19 November |
| 53. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय की बैडमिंटन की टीम 'नार्थ जोन इण्टर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन टूर्नामेंट 'में हिस्सा लेने के लिए रोहतक रवाना | | विधान केसरी | 58 | 19 November |
| 54. | आईएफटीएम की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा रैली का हुआ आयोजन | | विधान केसरी | 59 | 19 November |
| 55. | आईएफटीएम की बैडमिंटन की टीम 'नार्थ जोन इण्टर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन टूर्नामेंट 'में हिस्सा लेने हेतु रोहतक रवाना | | विधान केसरी | 60 | 19 November |
| 56. | आईएफटीएम की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई | | विधान केसरी | 61 | 19 November |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | द्वारा सड़क सुरक्षा रैली का हुआ आयोजन | | | | |
| **57.** | विवि क्रिकेट में एम एच कॉलेज ने मारी बाजी | | हिंदुस्तान | 62 | **19 November** |
| **58.** | अंतर महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट में एम एच कॉलेज जीता | | दैनिक जागरण | 62 | **19 November** |
| **59.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में चल रहे अन्तर्महाविद्यालय क्रिकेट प्रतिगोगिता में एमएच पीजी कॉलेज,मुरादाबाद ने ट्रॉफी पर किया कब्ज़ा | | शाह टाइम्स | 63 | **18 November** |
| **60.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में चल रहे अन्तर्महाविद्यालय क्रिकेट प्रतिगोगिता में एमएच पीजी कॉलेज,मुरादाबाद ने ट्रॉफी पर किया कब्ज़ा | | युग बंधु समाचार | 64 | **18 November** |
| **61.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में चल रहे अन्तर्महाविद्यालय क्रिकेट प्रतिगोगिता के पांचवे दिन केजी के कॉलेज , मुरादाबाद की टीम ने 9 विकेट से की जीत दर्ज | | युग बंधु समाचार | 65 | **18 November** |
| **62.** | विवि बैडमिंटन प्रतियोगिता को 7 नित | | हिंदुस्तान | 66 | **18 November** |
| **63.** | क्रिकेट में केजीके कॉलेज ने मारी बाजी | | हिंदुस्तान | 66 | **18 November** |
| **64.** | रोहतक में प्रतियोगिता के लिए चुनी बैडमिंटन टीम | | दैनिक जागरण | 66 | **18 November** |
| **65.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय की बैडमिंटन टीम का 'नार्थ जोन इण्टर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन प्रतिगोगिता के लिए हुआ चयन | | शाह टाइम्स | 67 | **18 November** |
| **66.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय की बैडमिंटन टीम का 'नार्थ जोन इण्टर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन प्रतिगोगिता के लिए हुआ चयन | | विधान केसरी | 68 | **18 November** |
| **67.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थिओंने फिल्म समारोह में सीखीं फिल्म निर्माण की बारीकियां | | विधान केसरी | 69 | **17 November** |
| **68.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 22 | | युग बंधु समाचार | 70 | **17 November** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | विद्यार्थिओं को मिली जॉब | | | | |
| **69.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थिओंने फिल्म समारोह में सीखीं फिल्म निर्माण की बारीकियां | | युग बंधु समाचार | 71 | **17 November** |
| **70.** | विद्यार्थिओं ने फिल्मो का प्रदर्शन किया | | हिंदुस्तान | 72 | **17 November** |
| **71.** | आईएफटीएम के 22 छात्रों को मिली सफलता | | हिंदुस्तान | 72 | **17 November** |
| **72.** | एमएच कॉलेज ने रामपुर को 160 रनो से हराया | | हिंदुस्तान | 72 | **17 November** |
| **73.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 22 छात्रों को मिली नौकरी | | अमर उजाला | 72 | **17 November** |
| **74.** | आईएफटीएम के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थिओं ने फिल्म समारोह में सीखीं फिल्म निर्माण की बारीकियां | | विधान केसरी | 73 | **17 November** |
| **75.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में अन्तर्महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट में एमएचपीजी कॉलेज ने 20 ओवर में जेड 250 रन | | युग बंधु समाचार | 74 | **17 November** |
| **76.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थिओंने फिल्म समारोह में सीखीं फिल्म निर्माण की बारीकियां | | युग बंधु समाचार | 75 | **17 November** |
| **77.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 22 विद्यार्थिओं को मिली जॉब | | युग बंधु समाचार | 76 | **17 November** |
| **78.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में अन्तर्महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट में एमएचपीजी कॉलेज ने 20 ओवर में जेड 250 रन | | विधान केसरी | 77 | **17 November** |
| **79.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में अन्तर्महाविद्यालय क्रिकेट प्रतिगोगिता में एमजेपीआरयू कैंपस बरेली की टीम को करना पड़ा हार का सामना | | युग बंधु समाचार | 78 | **17 November** |
| **80.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में न्यूज़ पेपर | | युग बंधु समाचार | 79 | **17 November** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन | | | | |
| **81.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता बायोबेन्ज 7 -2022 का आयोजन | | युग बंधु समाचार | 80 | **17 November** |
| **82.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता बायोबेन्ज 7 -2022 का आयोजन | | शाह टाइम्स | 81 | **17 November** |
| **83.** | केजीके ओर एम एच कॉलेज ने जीते मैच | | हिंदुस्तान | 82 | **16 November** |
| **84.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में न्यूज़ पेपर कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन | | युग बंधु समाचार | 83 | **16 November** |
| **85.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में अन्तर्महाविद्यालय क्रिकेट प्रतिगोगिता में एमजेपीआरयू कैंपस बरेली की टीम को करना पड़ा हार का सामना | | शाह टाइम्स | 84 | **16 November** |
| **86.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर हुआ प्रश्नोत्तरी का आयोजन | | युग बंधु समाचार | 85 | **14 November** |
| **87.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में चल रहे इंटर कॉलेजिएट क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन खिलाडियों ने दिखाया दमखम | | युग बंधु समाचार | 86 | **14 November** |
| **88.** | यूजीसी - नेट परीक्षा में प्राप्त की सफलता | | फैजाबाद की आवाज | 87 | **14 November** |
| **89.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ फैकल्टी ओर स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम | | युग बंधु समाचार | 88 | **14 November** |
| **90.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में चल रहे इंटर कॉलेजिएट क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन खिलाडियों ने दिखाया दमखम | | युग बंधु समाचार | 89 | **14 November** |
| **91.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 7 विद्यार्थिओं ने यूजीसी - नेट परीक्षा में प्राप्त की सफलता | | युग बंधु समाचार | 90 | **13 November** |
| **92.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में चल रहे इंटर कॉलेजिएट क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन खिलाडियों ने दिखाया दमखम | | आज समाचार सेवा | 91 | **13 November** |
| **93.** | हिन्दू कॉलेज ने इस इस कॉलेज को दी | | अमर उजाला | 92 | **13 November** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | शिकस्त | | | | |
| **94.** | क्रिकेट टूर्नामेंट में हिन्दू कॉलेज ने एसएल की टीम को हराया | | दैनिक जागरण | 93 | **13 NOVEMBER** |
| **95.** | आईएफटीएम में कॉलेजियट क्रिकेट टूर्नामेंट का प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल ने किया उद्घाटन | | शाह टाइम्स | 94 | **12 NOVEMBER** |
| **96.** | आईएफटीएम में कॉलेजियट क्रिकेट टूर्नामेंट का प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल ने किया उद्घाटन | | युग बंधु समाचार | 95 | **12 NOVEMBER** |
| **97.** | आईएफटीएम में कॉलेजियट क्रिकेट टूर्नामेंट का प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल ने किया उद्घाटन | | आज समाचार सेवा | 96 | **12 NOVEMBER** |
| **98.** | आईएफटीएम में 'शांति ओर विकास के लिए विश्व विज्ञानं दिवस ' के अवसर पर हुआ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन | | शाह टाइम्स | 97 | **12 NOVEMBER** |
| **99.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में' राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 'के अवसर पर हुआ विविध कार्यक्रमों का आयोजन | | विधान केसरी | 98 | **12 NOVEMBER** |
| **100.** | अमरोहा को तीन रन से परास्त कर डीएसए मुरादाबाद बना विजेता | | अमर उजाला | 99 | **12 NOVEMBER** |
| **101.** | मुरादाबाद ने तीन रन से अमरोहा को हराया | | हिंदुस्तान | 100 | **12 NOVEMBER** |
| **102.** | कड़े मुकाबले के बीच मुरादाबाद ने जीता क्रिकेट का फाइनल | | दैनिक जागरण | 101 | **12 NOVEMBER** |
| **103.** | आईएफटीएम के 7 विद्यार्थिओं ने यूजीसी - नेट परीक्षा में प्राप्त की सफलता | | विधान केसरी | 102 | **10 NOVEMBER** |
| **104.** | सफलता को कौशल विकास जरुरी | | हिंदुस्तान | 103 | **10 NOVEMBER** |
| **105.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में ' एम्प्लॉयबिलिटी एन्हेंसमेंट' विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला | | शाह टाइम्स | 104 | **10 NOVEMBER** |
| **106.** | आईएफटीएम विवि में मैनजमेंट छात्रों के लिए कार्यशाला | | अमरउजाला | 105 | **10 NOVEMBER** |
| **107.** | आईएफटीएम में इंजीनियरिंग में स्कोप एवं कॅरिअर विषय पर हुई संगोष्ठी इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सम्भावनाओ की कमी | | विधान केसरी | 106 | **05 NOVEMBER** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | नहीं: कुलपति | | | | |
| 108. | आईएफटीएम में ' एम्प्लॉयबिलिटी एन्हेंसमेंट' विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला | | विधान केसरी | 107 | 05 NOVEMBER |
| 109. | इंजीनियरिंग क्षेत्र की संभावनाएं बताई | | हिंदुस्तान | 107 | 05 NOVEMBER |
| 110. | इंजीनियरिंग में स्कोप एवं कॅरिअर विषय पर संगोष्ठी | | दैनिक जागरण | 108 | 05 NOVEMBER |
| 111. | सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहें विषय पर कार्यशाला शुरू | | अमर उजाला | 109 | 05 NOVEMBER |
| 112. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहें विषय पर साप्ताहिक कार्यशाला का शुभारम्भ | | शाह टाइम्स | 110 | 05 NOVEMBER |
| 113. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग में स्कोप एवं कॅरिअर विषय पर आयोजित हुई संगोष्ठी | | शाह टाइम्स | 111 | 05 NOVEMBER |
| 114. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग में स्कोप एवं कॅरिअर विषय पर आयोजित हुई संगोष्ठी | | आज समाचार सेवा | 112 | 05 NOVEMBER |
| 115. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहें विषय पर साप्ताहिक कार्यशाला का शुभारम्भ | | आज समाचार सेवा | 113 | 05 NOVEMBER |
| 116. | आईएफटीएम में इंजीनियरिंग में स्कोप एवं कॅरिअर विषय पर हुई संगोष्ठी इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सम्भावनाओ की कमी नहीं: कुलपति | | विधान केसरी | 114 | 05 NOVEMBER |
| 117. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहें विषय पर साप्ताहिक कार्यशाला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बेहद जरुरी: कुलसचिव | | विधान केसरी | 114 | 05 NOVEMBER |
| 118. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहें विषय पर साप्ताहिक कार्यशाला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बेहद जरुरी: कुलसचिव | | विधान केसरी | 115 | 02 NOVEMBER |
| 119. | आईएफटीएम के रोजगार मेले में नौ छात्रों को | | दैनिक जागरण | 116 | 02 NOVEMBER |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | नौकरी | | | | |
| **120.** | आईएफटीएम के रोजगार मेले में नौ छात्रों को नौकरी | | हिंदुस्तान | 116 | **02 November** |
| **121.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के नौ विद्यार्थिओं को मिली जॉब | | आज समाचार सेवा | 117 | **02 November** |
| **122.** | आईएफटीएम के रोजगार मेले में नौ छात्रों को नौकरी | | विधान केसरी | 118 | **02 November** |
| **123.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सरदार वल्लव भाई पटेल की जयंती पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम | | युग बंधु समाचार | 119 | **01 November** |
| **124.** | सरदार पटेल की जयंती मनाई | | हिंदुस्तान | 120 | **01 November** |
| **125.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सरदार वल्लव भाई पटेल की जयंती पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम | | विधान केसरी | 121 | **01 November** |
| **126.** | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सरदार वल्लव भाई पटेल की जयंती पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम | | शाह टाइम्स | 122 | **01 November** |

30 NOVEMBER

# आईएफटीएम में वर्ल्ड हेरिटेज वीक सफलतापूर्वक संपन्न



**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा, संस्कृति और कला प्रकोष्ठ की ओर से चलाया जा रहा वर्ल्ड हेरिटेज वीक सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अभियान के अंतिम दिन हिस्टोरिकल बैक ग्राउंड ऑफ वर्ल्ड ओल्डेस्ट युनिवर्सिटी इमर्जेंस, एसेंस एंड प्रेजेंस विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हिमांशु गुप्ता ने प्राचीनतम ऐतिहासिक विश्वविद्यालय की महत्ता को समझाते हुए कहा कि तेज गति से चल रहे जीवन में उन महापुरूषों के ज्ञान को हमें संरक्षित भी रखना है और आने वाली पीढ़ी में उनके ज्ञान का प्रसार भी करना है। स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की निदेशिका ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस व्याख्यान से सभी विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम की संयोजिका व हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. मीरा अग्रवाल ने बताया कि वर्ल्ड हेरिटेज वीक में यूनेस्को वर्ल्ड नेचुरल हेरिटेज साइट्स इन इंडिया विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वर्ल्ड हेरिटेज की थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताऐं भी आयोजित की गईं थीं। जिसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बीए-बीएड, तृतीय वर्ष की इशिफा निगम प्रथम; बी.एससी- बीएड, तृतीय वर्ष के सिद्धार्थ सैनी, सिद्धार्थ तथा बीए- बीएड, तृतीय वर्ष के हर्षित रघुवंशी संयुक्त रूप से द्वितीय एवं डिप्लोमा, कंप्यूटर साइंस, प्रथम वर्ष के दिव्यांश तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीए, प्रथम वर्ष के तोहफेक इरम प्रथम; शालिनी राजपूत द्वितीय तथा अमित प्रताप तृतीय स्थान पर रहे। जबकि बीए, प्रथम वर्ष की दिव्या भटनागर और शहजाद नबी को सांत्वना पुरस्कार से ही संतोष करना पड़ा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि धरोहरों के संरक्षण के लिए युवाओं को जागरूक करना इत्यंत आवश्यक है। प्रो. राजकुमारी सिंह ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्रा एवं निदेशिका प्रो. राजकुमारी सिंह निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ की सदस्या व आयोजन समिति की सदस्या, विभागाध्यक्षा डॉ. मीरा अग्रवाल, अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सारिका दुबे तथा शिक्षा शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री रश्मि पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान स्कूल के कई शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस 2022 के अवसर पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम





**युग बन्धु समाचार**

**मुरादबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स के डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग द्वारा गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस के अवसर पर उनके जीवन परिचय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतू शुभकामनाएं दीं। उन्होंने गुरु तेग बहादुर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए यह भी कहा कि कश्मीरी पंडितों पर हो रहे मुगलों के जुल्मों के खिलाफ गुरु तेग बहादुर जी ने आवाज उठायी और धर्म की खातिर अपनी कुबार्नी दे दी। गोष्ठी के दौरान विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति एवं स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड ऐप्लिकेशन्स के निदेशक प्रो. राहुल कुमार मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर ने धर्म की रक्षा और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया और सही अर्थों में वे हिन्द की चादर कहलाए। गुरु तेग बहादुर में ईश्वरीय निष्ठा के साथ समता, करुणा, प्रेम, सहानुभूति, त्याग और बलिदान जैसे मानवीय गुण विद्यमान थे। साथ ही कंप्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह एवं अन्य शिक्षकों ने भी अपने विचार प्रकट किए। गोष्ठी के दौरान बी.टेक., एम.टेक. बीसीए, एमसीए के 173 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे। गोष्ठी के उपरान्त विद्यार्थियों के लिए एक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्स के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविन्द कुमार शुक्ला, डॉ. भारत भूषण अग्रवाल, अभिषेक मिश्रा, हरप्रीत सिंह चावला, मनीष कुमार एवं भावना वर्मा आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। वहीं स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड ऐप्लिकेशंस के डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन्स के तत्वाधान में गुरु तेग बहादुर के जीवन परिचय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. राहुल कुमार मिश्रा ने संगोष्ठी में विद्यार्थियों को गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि गुरु तेग बहादुर एक महान शिक्षक के रूप में पहचाने जाने वाले एक उत्कृष्ट योद्धा, विचारक और कवि भी थे। संगोष्ठी का संचालन डॉ. अरविंद शुक्ला ने किया। इस संगोष्ठी में विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस संगोष्ठी में सीएस के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अभिषेक मिश्रा, असिस्टेंट प्रोफेसर मनीष रंजन पाण्डेय, डॉ. ललित जौहरी, डॉ. राजदीप सिंह, डॉ. सुनील कुमार, शैली भारद्वाज एवं रितु नगिला आदि उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में वर्ल्ड हेरिटेज वीक सफलतापूर्वक संपन्न

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा, संस्कृति और कला प्रकोष्ठ की ओर से चलाया जा रहा वर्ल्ड हेरिटेज वीक सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अभियान के अंतिम दिन हिस्टोरिकल बैक ग्राउंड ऑफ वर्ल्ड ओल्डेस्ट युनिवर्सिटी इमर्जेंस, एसेंस एंड प्रेजेंस विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हिमांशु गुप्ता ने प्राचीनतम ऐतिहासिक विश्वविद्यालय की महत्ता को समझाते हुए कहा कि तेज गति से चल रहे जीवन में उन महापुरूषों के ज्ञान को हमें संरक्षित भी रखना है और आने वाली पीढ़ी में उनके ज्ञान का प्रसार भी करना है। स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की निदेशिका ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस व्याख्यान से सभी विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम की संयोजिका व हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. मीरा अग्रवाल ने बताया कि वर्ल्ड हेरिटेज वीक में यूनेस्को वर्ल्ड नेचुरल हेरिटेज साइट्स इन इंडिया विषय पर प्रश्नोत्तरी



प्रतियोगिता, वर्ल्ड हेरिटेज की थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताऐं भी आयोजित की गईं थीं। जिसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बीए-बीएड, तृतीय वर्ष की इशिफा निगम प्रथम; बी.एससी- बीएड, तृतीय वर्ष के सिद्धार्थ सैनी, सिद्धार्थ तथा बीए-बीएड, तृतीय वर्ष के हर्षित रघुवंशी संयुक्त रूप से द्वितीय एवं डिप्लोमा, कंप्यूटर साइंस, प्रथम वर्ष के दिव्यांश तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीए, प्रथम वर्ष के तोहफेक इरम प्रथम; शालिनी राजपूत द्वितीय तथा अमित प्रताप तृतीय स्थान पर रहे। जबकि बीए, प्रथम वर्ष की दिव्या भटनागर और शहजाद नबी को सांत्वना पुरस्कार से ही संतोष करना पड़ा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि धरोहरों के संरक्षण के लिए युवाओं को जागरूक करना इत्यंत आवश्यक है। प्रो. राजकुमारी सिंह ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्रा एवं निदेशिका प्रो. राजकुमारी सिंह निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ की सदस्या व आयोजन समिति की सदस्या, विभागाध्यक्षा डॉ. मीरा अग्रवाल, अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सारिका दुबे तथा शिक्षा शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर रश्मि पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान स्कूल के कई शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम में गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस 2022 के अवसर पर आयोजित हुए कार्यक्रम



**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स के डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग द्वारा गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस के अवसर पर उनके जीवन परिचय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने गुरु तेग बहादुर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए यह भी कहा कि कश्मीरी पंडितों पर हो रहे मुगलों के जुल्मों के खिलाफ गुरु तेग बहादुर जी ने आवाज उठायी और धर्म की खातिर अपनी कुर्बानी दे दी। गोष्ठी के दौरान विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति एवं स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड ऐप्लिकेशन्स के निदेशक प्रो. राहुल कुमार मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर ने धर्म की रक्षा और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया और सही अर्थों में वे हिन्द की चादर कहलाए। गुरु तेग बहादुर में ईश्वरीय निष्ठा के साथ समता, करुणा, प्रेम, सहानुभूति, त्याग और बलिदान जैसे मानवीय गुण विद्यमान थे। साथ ही कंप्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह एवं अन्य शिक्षकों ने भी अपने विचार प्रकट किए। गोष्ठी के दौरान बी.टेक., एम.टेक. बीसीए, एमसीए के 173 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे। गोष्ठी के उपरान्त विद्यार्थियों के लिए एक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्स के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविन्द कुमार शुक्ला, डॉ. भारत भूषण अग्रवाल, श्री अभिषेक मिश्रा श्री हरप्रीत सिंह चावला, श्री मनीष कुमार एवं सुश्री भावना वर्मा आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

29 NOVEMBER

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 08 विद्यार्थियों को मिली जॉब

**-आज समाचार सेवा-**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमैंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से डिप्लोमा, कम्प्यूटर साइंस के 01 विद्यार्थी का भिवाडी, हरियाणा स्थित कम्पनी "यजाकी इंडिया लि0"; एमबीए के 02 विद्यार्थियों का गुरूग्राम, हरियाणा स्थित कम्पनी "जय ऑटो स्कोडा सर्विसिज प्रा0 लि0" तथा बी.टैक., सिविल इंजीनियरिंग के 01 विद्यार्थी एवं बीसीए के 04 विद्यार्थियों का नोयडा स्थित कम्पनी "सेटपा इंफोटैक लि0" में आकर्षक वेतनमान पर चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आप सभी पूरे मनोयोग से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें और ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें। प्रो. अग्रवाल ने यह भी कहा कि विद्यार्थी अपनी स्किल क्षमता में निरन्तर वृद्धि करते रहें। इस अवसर पर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के. बंसल ने उक्त कम्पनियों के पदाधिकारियों श्री रणवीर राना, श्री नीलेश कुमार, श्री चांद आलम एवं मिस. शुमैला अनीस के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स के निदेशक प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल, यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक के निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी एवं स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने भी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं।

प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न कराने में सीनियर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी श्री आशीष अग्रवाल, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह तथा सम्बन्धित स्कूलों के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक असिस्टेंट प्रोफेसर श्री संजीव भारद्वाज, डॉ. आशीष सक्सेना, श्री निखिल गुप्ता, श्री अंकुश सक्सेना, डॉ. ललित जौहरी एवं श्री प्रमोद कुमार यादव का योगदान रहा।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के आठ विद्यार्थियों को मिली जॉब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमैंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से डिप्लोमा, कम्प्यूटर साइंस के 01 विद्यार्थी का भिवाडीए हरियाणा स्थित कम्पनी जाकी इंडिया लि0 एमबीए के 02 विद्यार्थियों का गुरूग्राम, हरियाणा स्थित कम्पनी जय ऑटो स्कोडा सर्विसिज प्रा0 लि0 तथा बीटैक सिविल इंजीनियरिंग के 01 विद्यार्थी एवं बीसीए के 04 विद्यार्थियों का नोयडा स्थित कम्पनी ष्सेटपा इंफोटैक लि0 में आकर्षक वेतनमान पर चयन हुआ है।

विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए विश्व विद्यालय के कुलसचिव प्रो संजीव अग्रवाल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आप सभी पूरे मनोयोग से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें और ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें। प्रो. अग्रवाल ने यह भी कहा कि विद्यार्थी अपनी स्किल क्षमता में निरन्तर वृद्धि करते रहें। इस अवसर पर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के निदेशक केके बंसल ने उक्त कम्पनियों के पदाधिकारियों रणवीर राना, नीलेश कुमार चांद आलम एवं मिस शुमैला अनीस के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स के निदेशक प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल, यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक के निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी एवं स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी के निदेशक प्रो मनोज कुमार ने भी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न कराने में सीनियर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी आशीष अग्रवाल, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह तथा सम्बन्धित स्कूलों के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक असिस्टेंट प्रोफेसर संजीव भारद्वाज डॉ. आशीष सक्सेना, निखिल गुप्ता, अंकुश सक्सेना डॉ. ललित जौहरी एवं प्रमोद कुमार का योगदान रहा।

अमर उजाला

मुरादाबाद | मंगलवार, 29 नवंबर 2022 7

# आईएफटीएम विवि के आठ विद्यार्थियों को जॉब प्लेसमेंट

मुरादाबाद (वि)। आईएफटीएम विवि में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में आठ विद्यार्थियों का चयन किया गया है। संस्थान के डिप्लोमा कंप्यूटर साइंस के एक विद्यार्थी का भिवाड़ी स्थित यजाकी इंडिया लि., एमबीए के दो विद्यार्थियों का गुरुग्राम स्थित जय ऑटो स्कोडा सर्विसेस प्रा.लि. , बीटेक सिविल के एक विद्यार्थी और बीसीए के चार विद्यार्थियों का नोएडा स्थित सेपटा इंफोटेक लि. में आकर्षक पैकेज पर जॉब प्लेसमेंट मिला है। चयनित विद्यार्थियों को विवि के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, टीएंडपी सेल के निदेशक केके बंसल समेत विभागाध्यक्षों ने बधाई दी है।

हिन्दुस्तान

मुरादाबाद, मंगलवार, 29 नवंबर 2022 04

## सांप्रदायिक सद्भावना रैली निकाली

मुरादाबाद। आईएफटीएम विवि की रासेयो इकाई की ओर से सांप्रदायिक सद्भावना रैली व झंडा दिवस का आयोजन किया गया। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रो बीके सिंह, प्रो अरुण कुमार मिश्रा, डॉ. अशोक कुमार, रूचि चौधरी, डॉ रमेशपाल, संजीव कुमार मौर्य, डॉ स्मिता ज्योति, डॉ अमित भटनागर रहे।

## आईएफटीएम के 8 विद्यार्थियों को कामयाबी

मुरादाबाद। आईएफटीएम विवि के 8 विद्यार्थियों को कामयाबी मिली है। विभिन्न पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों की दक्षता को परखकर आकर्षक वेतनमान पर नियुक्ति मिली। रजिस्ट्रार, प्रो संजीव अग्रवाल, केके बंसल, प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, प्रो. निशा अग्रवाल, प्रो. मनोज कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 08 विद्यार्थियों को मिली जॉब

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादबाद**। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमैंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से डिप्लोमा, कम्प्यूटर साइंस के 01 विद्यार्थी का भिवाडी, हरियाणा स्थित कम्पनी यजाकी इंडिया लि0; एमबीए के 02 विद्यार्थियों का गुरूग्राम, हरियाणा स्थित कम्पनी जय ऑटो स्कोडा सर्विसिज प्रा0 लि0 तथा बी.टैक., सिविल इंजीनियरिंग के 01 विद्यार्थी एवं बीसीए के 04 विद्यार्थियों का नोयडा स्थित कम्पनी सेटपा इंफोटैक लि0 में आकर्षक वेतनमान पर चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आप सभी पूरे मनोयोग से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें और ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें। प्रो. अग्रवाल ने यह भी कहा कि विद्यार्थी अपनी स्किल क्षमता में निरन्तर वृद्धि करते रहें। इस अवसर पर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के निदेशक के.के. बंसल ने उक्त कम्पनियों के पदाधिकारियों रणवीर राना, नीलेश कुमार, चांद आलम एवं मिस. शुमैला अनीस के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स के निदेशक प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल, यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक के निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी एवं स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने भी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न कराने में सीनियर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी आशीष अग्रवाल, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह तथा सम्बन्धित स्कूलों के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक असिस्टेंट प्रोफेसर संजीव भारद्वाज, डॉ. आशीष सक्सेना, निखिल गुप्ता, अंकुश सक्सेना, डॉ. ललित जौहरी एवं प्रमोद कुमार यादव का योगदान रहा।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ साम्प्रदायिक सद्भावना रैली व झंडा दिवस का आयोजन

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा साम्प्रदायिक सद्भावना रैली व झंडा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय परिसर में एक भव्य रैली का आयोजन किया गया तथा रैली के माध्यम से स्वयं सेवकों ने साम्प्रदायिक सौहार्द, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता बनाये रखने का सन्देश दिया। एनएसएस इकाई के समन्वयक प्रो० बी०के० सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अनेकता में एकता हमारे देश की विशेषता है। हमारे देश में विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं और उनकी वेश-भूषा अलग-अलग है फिर भी सब मिल झुलकर रहते हैं। सह-समन्वयक एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो० अरुण कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों से जानकारी साझा करते हुए कहा कि आज विश्व में आतंकवाद एवं साम्प्रदायिक ताकतें पनपी हुयी हैं। हमें इन ताकतों से लड़ने के लिए एक जुट रहने की आवश्यकता है एवं राष्ट्रीय अखण्डता एवं सम्प्रभुता बनाये रखने की भी आवश्यकता है। साम्प्रदायिक सद्भाव अभियान सप्ताह- 2022 के अन्तर्गत सप्ताह के अन्तिम दिन झण्डा दिवस भी मनाया और जरूरत मंदों के लिए प्रत्येक स्कूल में जाकर धन भी जुटाया गया। इस कार्यक्रम में स्वयं सेवकों के साथ-साथ सभी स्कूलों के 969 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।




कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजक डॉ. अशोक कुमार एवं सह आयोजिका रूचि चैधरी समेत डॉ० रमेशपाल, संजीव कुमार मौर्य, डॉ० स्मिता ज्योति, डॉ० अमित भटनागर आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ 'साम्प्रदायिक सद्भावना रैली व झंडा दिवस' का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा ''साम्प्रदायिक सद्भावना रैली व झंडा दिवस'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के तहत विश्व विद्यालय परिसर में एक भव्य रैली का आयोजन किया गया तथा रैली के माध्यम से स्वयं सेवकों ने साम्प्रदायिक सौहार्दए राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता बनाये रखने का सन्देश दिया। एनएसएस इकाई के समन्वयक प्रो० बीके सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अनेकता में एकता हमारे देश की विशेषता है। हमारे देश में विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं और उनकी वेश.भूषा अलग-अलग है फिर भी सब मिल झुलकर रहते हैं। सह.समन्वयक एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो० अरुण कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों से जानकारी साझा करते हुए कहा कि आज विश्व में आतंकवाद एवं साम्प्रदायिक ताकतें पनपी हुयी हैं। हमें इन ताकतों से लड़ने के लिए एक जुट रहने की आवश्यकता है एवं राष्ट्रीय अखण्डता एवं सम्प्रभुता बनाये रखने की भी आवश्यकता है। साम्प्रदायिक सद्भाव अभियान सप्ताह. 2022 के अन्तर्गत सप्ताह के अन्तिम दिन झण्डा दिवस भी मनाया और जरूरत मंदों के लिए प्रत्येक स्कूल में जाकर धन भी जुटाया गया। इस कार्यक्रम में स्वयं सेवकों के साथ. साथ सभी स्कूलों के 969 से अधिक छात्र.छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजक डॉ. अशोक कुमार एवं सह आयोजिका श्रीमती रूचि चौधरी समेत डॉ० रमेशपाल संजीव कुमार मौर्य, डॉ० स्मिता ज्योति डॉ. अमित भटनागर आदि शिक्षकों का योगदान रहा।




27 NOVEMBER

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के भ्रमण पर पहुंचे उ0प्र0 उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष

## एन ई पी.2020 लागू करना सभी विश्वविद्यालयों के लिए जरूरी: प्रो त्रिपाठी

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद**। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के भ्रमण पर पहुंचे उ0प्र0 उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो गिरिश चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि एन ई पी .2020 को लागू करना सभी विश्वविद्यालयों के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले वर्षों में पूरे भारत के सभी विश्वविद्यालयों में एन ई पी .2020 पूर्णरूप से लागू हो जायेगी जिससे पढ़ने वाले सभी छात्र.छात्राओं को शिक्षा का नया विकल्प मिलेगा। विश्वविद्यालय पहुंचे प्रो त्रिपाठी का कुलपति प्रो0 महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने बुके देकर स्वागत किया।



प्रो0 त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों द्वारा बनायी गयी गोल्फ कार्ट में बैठकर विश्वविद्यालय का पूरा भ्रमण किया तथा भ्रमण के दौरान सभी चीजों की बहुत प्रशंसा की। प्रो0 त्रिपाठी पहले भी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आ चुके हैं। इस दौरान कुलसचिव डॉ0 संजीव अग्रवालए प्रति कुलपति प्रो0 राहुल कुमार मिश्राए निदेशक.एचआर प्रो0 वैभव त्रिवेदी एवं फार्मेसी के डीन डॉ0 नवनीत वर्मा उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान

मुरादाबाद, रविवार, 27 नवंबर 2022 04



आईएफटीएम में शनिवार को पहुंचे उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष गिरीश चंद त्रिपाठी का स्वागत करते कुलपति प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद पांडे।

# आईएफटीएम पहुंचे उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने आईएफटीएम विवि का भ्रमण किया। नई शिक्षा नीति को लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया। विवि के कुलपति प्रो महेंद्र प्रसाद पांडेय ने प्रो त्रिपाठी का अभिनंदन किया। प्रो त्रिपाठी पूर्व में भी विवि के दीक्षांत समारोह में शामिल हो चुके हैं। कुलसचिव, डॉ संजीव अग्रवाल, प्रति-कुलपति, प्रो राहुल कुमार मिश्रा, प्रो वैभव त्रिवेदी, डॉ नवनीत वर्मा आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला
amarujala.com
मुरादाबाद | रविवार, 27 नवंबर 2022
7

# एनईपी 2020 लागू होना सभी विश्वविद्यालयों के लिए जरूरी



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने शनिवार को आईएफटीएम विश्वविद्यालय का भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि एनईपी 2020 सभी विश्वविद्यालयों के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में पूरे देश के सभी विश्वविद्यालयों में एनईपी 2020 पूर्णरूप से लागू हो जाएगा। जिससे छात्र छात्राओं को शिक्षा का नया विकल्प मिलेगा।

उन्होंने विश्व विद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों द्वारा बनाई गई गोल्फ कोर्ट में बैठकर भ्रमण के सभी चीजों की बहुत प्रशंसा की। इस दौरान कुलपति महेंद्र प्रसाद पांडेय ने बुके देकर उनका स्वागत किया।

इस दौरान कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रति कुलपति प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, निदेशक एचआर, प्रो. वैभव त्रिवेदी एवं फार्मेसी के डीन डा. नवनीत वर्मा उपस्थित रहे। संवाद

4 दैनिक जागरण मुरादाबाद, 27 नवंबर, 2022

## संविधान भारतीयों के मार्गदर्शन का ग्रंथ

जासं, मुरादाबाद : आइएफटीएम विश्वविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर स्कूल आफ लस की ओर से टुवड्र्स अ मोर परफेक्ट डेमोक्रेसी सेटअप : द इंडियन कांस्टीट्यूशन इन चेंजिंग टाइम्स विषय पर सेमिनार हुआ। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि यह कोई सामान्य दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह सभी भारतीयों के मार्गदर्शन का ग्रंथ है तथा इसे हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। विवेक ला कालेज, बिजनौर के प्रधानाचार्य डा. राजीव कुमार चौधरी ने कहा कि वर्तमान लोकतंत्रात्मक व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया। सेमिनार का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर कल्पना शर्मा, सेमिनार के सह संयोजक व विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डा. योगेंद्र सिंह, आयोजन सचिव असिस्टेंट प्रोफेसर विवेकानंद रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के भ्रमण पर पहुंचे उप्र उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष

## एनईपी 2020 लागू करना सभी विश्वविद्यालयों के लिए जरूरी: प्रो: त्रिपाठी

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के भ्रमण पर पहुंचे उ0प्र0 उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि एनईपी 2020 को लागू करना सभी विश्वविद्यालयों के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले वर्षों में पूरे भारत के सभी विश्वविद्यालयों में एनईपी 2020 पूर्णरूप से लागू हो जायेगी, जिससे पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षा का नया विकल्प मिलेगा। विश्वविद्यालय पहुंचे प्रो. त्रिपाठी का कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने बुके देकर स्वागत किया। प्रो0 त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों द्वारा बनायी गयी गोल्फ कार्ट में बैठकर विश्वविद्यालय का पूरा भ्रमण किया तथा भ्रमण के दौरान सभी चीजों की बहुत प्रशंसा की। प्रो0 त्रिपाठी पहले भी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आ चुके हैं। इस दौरान कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रति कुलपति प्रो राहुल कुमार मिश्रा, निदेशक.एचआर प्रो0 वैभव त्रिवेदी एवं फार्मेसी के डीन डॉ. नवनीत वर्मा उपस्थित रहे।



26 NOVEMBER

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ सेमिनार

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर स्कूल ऑफ लॉ द्वारा टुवर्ड्स अ मोर परफेक्ट डेमोक्रेसी सेटअपः द इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन इन चेंजिंग टाइम्स विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कोई सामान्य दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह सभी भारतीयों के मार्गदर्शन का पवित्र ग्रंथ है तथा इसे हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। सेमिनार में विवेक लॉ कॉलेज, बिजनौर के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव कुमार चैधरी ने बतौर मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में संविधान के माध्यम से वर्तमान लोकतंत्रात्मक व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया। सेमिनार के दौरान कई



अन्य वक्ताओं ने अपने पेपर प्रस्तुत किए।

सेमिनार का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर कल्पना शर्मा द्वारा किया गया। सेमिनार के सह संयोजक व विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र सिंह एवं आयोजन सचिव असिस्टेंट प्रोफेसर विवेकानंद रहे। अंत में कार्यक्रम के संयोजक व स्कूल ऑफ लॉ के निदेशक प्रो. एस.बी. मिश्रा ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में स्कूल ऑफ लॉ के सभी शिक्षकों के अतिरिक्त 150 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'साम्प्रदायिक सौहार्द्र अभियान सप्ताह-2022' के अंतर्गत सास्कृतिक उत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई तथा स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में साम्प्रदायिक सौहार्द अभियान सप्ताह के अंतर्गत सास्कृतिक उत्सव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विश्व विद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। सास्कृतिक उत्सव में विश्व विद्यालय के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए राष्ट्रीय नींव विषय पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान



कार्यक्रम व एनएसएस इकाई के समन्वयक एवं स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बीके सिंह समेत सभी दर्शकों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की भरपूर सराहना की। प्रो. सिंह ने कहा कि युवाओं के संस्कारों के आधार पर ही राष्ट्र का भविष्य तय किया जाता है। यदि हम विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार देंगे तो हमारा देश आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका प्रो निशा अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में अपार ऊर्जा है, हम सभी को इन्हें सही दिशा देने की जरूरत है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजिका डॉ. मेघा भाटिया, डॉ स्वाति राय के अलावा स्कूल के सभी शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशक, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष व भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आर्ट फॉर कैंसर का आयोजन

**नोएडा।** सेक्टर 31 स्थित मेरा सहारा सेंटर में आर्ट फॉर कैंसर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। हनी तानी फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में निठारी गांव के रिक्शा चालक के बच्चों ने हिस्सा लिया। वहीं कार्यक्रम के दौरान कैंसर जागरूकता पर पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मेरा सहारा सेंटर की संयोजक बिमला पटनी ने बताया कि आज के कार्यक्रम में बच्चों ने पोस्टर बनाकर कैंसर के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। वहीं कार्यक्रम के दौरान तम्बाकू निषेध, प्लास्टिक निषेध एवं संतुलित आहार को अपने रचनात्मकता से बच्चों ने प्रस्तुत किया। वहीं कार्यक्रम के अंत में ज्योति एवं राज को श्रेष्ठ प्रस्तुती के पुरस्कृत किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान समाज सेवी आशा तिवारी ने कहा कि जागरूकता ही कैंसर का बचाव है। उचित समय पर उपचार लेकर हम कैंसर को मात दे सकते हैं।

# आईएफटीएम में संविधान दिवस पर हुआ सेमिनार

**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर स्कूल ऑफ लॉ द्वारा टुबर्ड्स अ मोर परफेक्ट डेमोक्रेसी सेटअप : द इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन इन चेंजिंग टाइम्स विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कोई सामान्य दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह सभी भारतीयों के मार्गदर्शन का पवित्र ग्रंथ है तथा इसे हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। सेमिनार में विवेक लॉ कॉलेज, बिजनौर के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव कुमार चैधरी ने बतौर मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में संविधान के माध्यम से वर्तमान लोकतंत्रात्मक व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया।



सेमिनार के दौरान कई अन्य वक्ताओं ने अपने पेपर प्रस्तुत किए। सेमिनार का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर सुकल्पना शर्मा द्वारा किया गया। सेमिनार के सह संयोजक व विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र सिंह एवं आयोजन सचिव असिस्टेंट प्रोफेसर विवेकानंद रहे। अंत में कार्यक्रम के संयोजक व स्कूल ऑफ लॉ के निदेशक प्रो. एस.बी. मिश्रा ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में स्कूल ऑफ लॉ के सभी शिक्षकों के अतिरिक्त 150 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम युनिवर्सिटी में हुआ सास्कृतिक उत्सव

**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई तथा स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में साम्प्रदायिक सौहार्द अभियान सप्ताह के अंतर्गत सास्कृतिक उत्सव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। सास्कृतिक उत्सव में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने ह्यसाम्प्रदायिक सौहार्द के लिए राष्ट्रीय नींव विषय पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम व एनएसएस इकाई के समन्वयक एवं स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह समेत सभी दर्शकों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की भरपूर सराहना की। प्रो. सिंह ने कहा कि युवाओं के संस्कारों के आधार पर ही राष्ट्र का भविष्य तय किया जाता है। यदि हम विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार देंगे तो हमारा देश आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में अपार ऊर्जा है, हम सभी को इन्हें सही दिशा देने की जरूरत है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजिका डॉ. मेघा भाटिया, डॉ स्वाति राय के अलावा स्कूल के सभी शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशक, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष व भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'संविधान दिवस' के अवसर पर आयोजित हुआ सेमिनार

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर स्कूल ऑफ लॉ द्वारा श्टुबड्र्स अ मोर परफेक्ट डेमोक्रेसी सेटअप: द इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन इन चेंजिंग टाइम्सश् विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।



सेमिनार का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोण् संजीव अग्रवाल ने भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कोई सामान्य दस्तावेज नहीं हैए बल्कि यह सभी भारतीयों के मार्गदर्शन का पवित्र ग्रंथ है तथा इसे हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। सेमिनार में विवेक लॉ कॉलेजए बिजनौर के प्रधानाचार्य डॉ राजीव कुमार चौधरी ने बतौर मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में संविधान के माध्यम से वर्तमान लोकतंत्रात्मक व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया। सेमिनार के दौरान कई अन्य वक्ताओं ने अपने पेपर प्रस्तुत किए।

सेमिनार का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री कल्पना शर्मा द्वारा किया गया। सेमिनार के सह संयोजक व विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र सिंह एवं आयोजन सचिव असिस्टेंट प्रोफेसर विवेकानंद रहे। अंत में कार्यक्रम के संयोजक व स्कूल ऑफ लॉ के निदेशक प्रो एसबी मिश्रा ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में स्कूल ऑफ लॉ के सभी शिक्षकों के अतिरिक्त 150 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**हिन्दुस्तान**

मुरादाबाद
शनिवार
26 नवंबर 2022
02

## भारतीयों के मार्गदर्शन का ग्रंथ है संविधान

मुरादाबाद। आईएफटीएम विवि में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में सेमिनार हुआ। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने पर विचार रखे। संविधान को भारतीयों के मार्गदर्शन का पवित्र ग्रंथ बताया। वक्ताओं में लॉ कॉलेज बिजनौर के डॉ राजीव कुमार चौधरी ने बतौर मुख्य वक्ता संविधान के माध्यम से वर्तमान लोकतंत्रात्मक व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया। संचालन, कल्पना शर्मा ने किया।

## सांप्रदायिक सौहार्द पर रखे विचार

मुरादाबाद। आईएफटीएम विवि में रोसेयो व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की ओर से सांप्रदायिक सौहार्द सप्ताह के अंतर्गत सांस्कृतिक उत्सव मनाया गया। विवि संबद्ध विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने सौहार्द पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। कुलसचिव प्रो संजीव अग्रवाल ने सांप्रदायिक सौहार्द का महत्व बताया। प्रो बीके सिंह, प्रो निशा अग्रवाल, डॉ मेघा भाटिया, डॉ स्वाति रॉय आदि मौजूद रहीं।

25 NOVEMBER

# आईएफटीएम में 'एप्लीकेशंस ऑफ ड्रोन फॉर प्रॉफिटेबल एग्रीकल्चर' विषय पर हुआ व्याख्यान का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग में एप्लीकेशंस ऑफ ड्रोन फॉर प्रॉफिटेबल एग्रीकल्चर विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो० संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान आईसीएआर.आईएआरआईए न्यू दिल्ली के एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग विभाग के साईंटिस्ट डॉ० रौफ अहमद परे ने बतौर एमिनेंट स्पीकर अपने व्याख्यान में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्मार्ट एग्रीकल्चर पर जोर दिया और साथ ही साथ ड्रोन के प्रयोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ड्रोन के माध्यम से हम एग्रीकल्चर में वेजिटेबल्स फ्लोरीकल्चर व अन्य नए इंटरप्रेन्योरशिप के रूप में एग्रीकल्चर में विभिन्न प्रकार से उत्पादन कर सकते हैं और अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि बढ़ती आबादी हेतु भोजन की आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए एडवांस टेक्नोलॉजी एग्रीकल्चर फील्ड में इसका प्रयोग करना बहुत ही महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग निदेशक डॉ वीरेंद्र सिंह एमिनेंट स्पीकर डा परे का एक इनडोर प्लांट का पोर्ट देकर स्वागत करते हुए बताया कि आज के समय में एडवांस टेक्नोलॉजी का एग्रीकल्चर में बहुत बड़ा योगदान है, जिसे हम सभी को अध्ययन व शोध कर अपने प्रयोग में लाकर कृषि क्षेत्र में पहुंचाना है।



स्कूल की असिस्टेंट प्रोफेसर मिस् अनन्या सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया व कृषि अभियंत्रण विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ रमेश पाल ने एमिनेंट स्पीकर समेत सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आईएफटीएम के फार्मेसी संकाय में हुआ 'पेरेंट्स. मेंटर मीट' का आयोजन

जासं, मुरादाबाद : महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक, हरियाणा में होने जा रही नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए आइएफटीएम विश्वविद्यालय की टीम का चयन गुरुवार को किया गया। बैडमिंटन टीम हेतु ट्रायल खेल निदेशक डा. वैभव त्रिवेदी के निर्देशन में हुआ। डा. त्रिवेदी ने बताया कि आइएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूलों के 150 विद्यार्थियों ने ट्रायल में हिस्सा लिया। चयनित विद्यार्थियों में बीटेक, सीएस, द्वितीय वर्ष के हर्षवर्धन सिंह, बीसीए, तृतीय वर्ष के आशीष पांडेय, एससी, एग्रीकल्चर, तृतीय वर्ष के वरदान, बीएससी बीएड, तृतीय वर्ष के अंचित, बीकाम, द्वितीय वर्ष के अमन शर्मा, बीकाम, प्रथम वर्ष के प्रियांशु अग्रवाल एवं एमएससी बाटनी प्रथम वर्ष के अभिमन्यु चौधरी शामिल रहे। टीम 21 नवंबर को रवाना होगी। चयन प्रक्रिया में जेपी सिंह, कपिल गिल एवं शशांक कुमार की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय की बैडमिंटन टीम का 'नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन प्रतियोगिता' के लिए हुआ चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय की बैडमिंटन टीम का 22 नवम्बर से महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक, हरियाणा में आयोजित होने जा रही नॉर्थ जोन इण्टर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु चयन हुआ है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने बैडमिंटन टीम के सभी खिलाड़ियों द्वारा अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दीं। बैडमिंटन टीम हेतु ट्रायल खेल निदेशक डॉ. वैभव त्रिवेदी के निर्देशन में गुरूवार को सम्पूर्ण हुआ। डा. त्रिवेदी ने जानकारी दी कि आईएफटीएम विश्वविद्यालय के समस्त स्कूलों के लगभग 150 विद्यार्थियों का ट्रायल लिया गया। ट्रायल में 07 खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय की टीम के लिए किया गया है। चयनित विद्यार्थियों में बीटैक, सीएस, द्वितीय वर्ष के हर्ष वर्धन सिंहय बीसीए, तृतीय वर्ष के आशीष पाण्डेयय बीएससी, एग्रीकल्चर, तृतीय वर्ष के वरदानय बीएससीबीएड, तृतीय वर्ष के अंचितय बीकॉम, द्वितीय वर्ष के अमन शर्माय बीकॉम, प्रथम वर्ष के प्रियांशु अग्रवाल एवं एमएससी बॉटनी प्रथम वर्ष के अभिमन्यु चौधरी शामिल रहे। डा. त्रिवेदी ने यह भी बताया कि उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए विश्वविद्यालय की टीम 21 नवम्बर को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक के लिए रवाना होगी। इस अवसर पर खेल निदेशक ने टीम में चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। चयन प्रक्रिया के सफल आयोजन में जेपी सिंह, कपिल गिल एवं शशांक कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान विश्वविद्यालय के कई अधिकारी, शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# आईएफटीएम की बैडमिंटन टीम का नॉर्थ जोन इण्टर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय की बैडमिंटन टीम का 22 नवम्बर से महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक, हरियाणा में आयोजित होने जा रही नॉर्थ जोन इण्टर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु चयन हुआ है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने बैडमिंटन टीम के सभी खिलाड़ियों द्वारा अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दीं। बैडमिंटन टीम हेतु ट्रायल खेल निदेशक डॉ. वैभव त्रिवेदी के निर्देशन में गुरूवार को सम्पूर्ण हुआ। डॉ. त्रिवेदी ने जानकारी दी कि आईएफटीएम विश्वविद्यालय के समस्त स्कूलों के लगभग 150 विद्यार्थियों का ट्रायल लिया गया। ट्रायल में 07 खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय की टीम के लिए किया गया है। चयनित विद्यार्थियों में बी.टैक, सी.एस, द्वितीय वर्ष के हर्ष वर्धन सिंह; बी.सी.ए., तृतीय वर्ष के आशीष पाण्डेय; बी.एस.सी., एग्रीकल्चर, तृतीय वर्ष के वरदान; बी.एस.सी.-बी.एड, तृतीय वर्ष के अंचित; बी.कॉम., द्वितीय वर्ष के अमन शर्मा; बी.कॉम, प्रथम वर्ष के प्रियांशु अग्रवाल एवं एम.एससी., बॉटनी प्रथम वर्ष के अभिमन्यु चैधरी शामिल रहे। डॉ. त्रिवेदी ने यह भी बताया कि उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए विश्वविद्यालय की टीम 21 नवम्बर को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक के लिए रवाना होगी।

इस अवसर पर खेल निदेशक ने टीम में चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। चयन प्रक्रिया के सफल आयोजन में श्री जेपी सिंह, श्री कपिल गिल एवं श्री शशांक कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान विश्वविद्यालय के कई अधिकारी, शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

ाएम से संवाद

क्षा : शैलेन्द्र

जरूरत पड़े तो आज हम आपको जो उपहार दे रहे हैं उसमें एक फोन नंबर की

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने फिल्म समारोह में सीखीं फिल्म निर्माण की बारीकियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के बीएजे के 13, एमए.जेएमसी के 4 कुल 17 विद्यार्थियों ने प्रेरणा विमर्श संस्था की ओर से आयोजित प्रेरणा विमर्श.2022 भविष्य का भारत मीडिया कॉनक्लेव, विमर्श एवं फिल्म फेस्टिवलष् में सरस्वती शिशु मंदिरए नोएडा के सभागार में आयोजित समारोह में प्रतिभाग किया। समारोह के दौरान विभिन्न राज्यों के साथ ही आईएफटीएम विश्व विद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित तीन फिल्मों उड़ानए दिवाली बिना पटकों वाली तथा उठो अनन्या का प्रदर्शन किया गया। इस फिल्म समारोह में बॉलीवुड के जाने माने फिल्म निर्देशक एवं अभिनेता श्री रतन राठौर तथा फिल्मकार श्री मधुकर पाण्डेय ने विद्यार्थियों को फिल्म निर्माण की बारीकियां सिखाई। श्री राठौर ने कहा कि फिल्म निर्माण के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा युवाओं में नया दृष्टिकोण पैदा करने की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि युवा अधिक से अधिक पढ़ें तथा समाज के हर पहलू का बारीकी से अवलोकन करते हुए वे कम बजट की लघु फिल्मों के निर्माण से शुरुआत कर सकते हैं। श्री पाण्डेय ने पटकथा लेखन की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्क्रिप्ट फिल्म निर्माण की नींव होती है, इसलिए युवा लेखन के क्षेत्र में अपना



कदम आगे बढ़ाएं। उन्होंने यह भी कहा कि अच्छी फिल्म बनाने के लिए अच्छी फिल्में देखना भी जरूरी है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। स्कूल की निदेशिका प्रो. राजकुमारी सिंह ने फिल्म समारोह में प्रतिभाग करने हेतु सभी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कुंवर मानवेंद्र सिंहए सभापति राज्यसभा उ0प्र0 तथा मुख्य वक्ता व प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक श्री जे नंद कुमार ने समारोह में प्रदर्शित सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को सम्मानित किया। आयोजन समिति के सदस्य श्री मनीष गुप्ता ने जानकारी दी कि सभी प्रतिभागियों को प्रमाण.पत्र प्रदान किए जायेंगे। समारोह के दौरान पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार शुक्ला, शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर पुलकित शर्मा एवं शिक्षा शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री रश्मि पाण्डेय उपस्थित रहीं।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 22 विद्यार्थियों को मिली जॉब

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमैंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से डिप्लोमा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 16 विद्यार्थियों का रूद्रपुर, उत्तराखण्ड स्थित कम्पनी अशोक लीलेंड लि0 बीटैक ईसी के 01, डिप्लोमा ईसी के 04 एवं डिप्लोमा ईई के 01 विद्यार्थी का पुणे, महाराष्ट्र स्थित एपीटोम इंडिया लि0 में आकर्षक वेतनमान पर चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोण् संजीव अग्रवाल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आप सभी पूरे मनोयोग से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें और ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें। प्रो. अग्रवाल ने यह भी कहा कि विद्यार्थी अपनी स्किल क्षमता में निरन्तर वृद्धि करते रहें। इस अवसर पर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के निदेशक केके बंसल ने उक्त कम्पनियों के पदाधिकारियों रनवीर राना, अभिषेक त्रिपाठी एवं मिस. प्रगतिका के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक के निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी एवं स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने भी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न कराने में सीनियर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी आशीष अग्रवालए ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह तथा स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंटए स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी एवं यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक असिस्टेंट प्रोफेसर अरविन्द चौधरी, आयुष सक्सेना, डॉ. शालू, संजीव कुमार सिंह एवं अंकित अग्रवाल का योगदान रहा।

17 NOVEMBER

# आईएफटीएम के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने फिल्म समारोह में सीखीं फिल्म निर्माण की बारीकियां

**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के बीएजे के 13, एमए-जेएमसी के 4 कुल 17 विद्यार्थियों ने प्रेरणा विमर्श संस्था की ओर से आयोजित प्रेरणा विमर्श-2022 भविष्य का भारत मीडिया कॉनक्लेव, विमर्श एवं फिल्म फेस्टिवल में सरस्वती शिशु मंदिर, नोएडा के सभागार में आयोजित समारोह में प्रतिभाग किया। समारोह के दौरान विभिन्न राज्यों के साथ ही आईएफटीएम विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित तीन फिल्मों उड़ान, दिवाली बिना पटकों वाली तथा उठो अनन्या का प्रदर्शन किया गया। इस फिल्म समारोह में बॉलीवुड के जाने माने फिल्म निर्देशक एवं अभिनेता श्री रतन राठौर तथा फिल्मकार श्री मधुकर पाण्डेय ने विद्यार्थियों को फिल्म निर्माण की बारीकियां सिखाईं। श्री राठौर ने कहा कि फिल्म निर्माण के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा युवाओं में नया दृष्टिकोण पैदा करने की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि युवा अधिक से अधिक पढ़ें तथा समाज के हर पहलू का बारीकी से अवलोकन करते हुए वे कम बजट की लघु फिल्मों के निर्माण से शुरूआत कर सकते हैं। श्री पाण्डेय ने पटकथा लेखन की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्क्रिप्ट फिल्म निर्माण की नींव होती है, इसलिए युवा लेखन के क्षेत्र में अपना कदम आगे बढ़ाएं। उन्होंने यह भी कहा कि अच्छी फिल्म बनाने के लिए अच्छी फिल्में देखना भी जरूरी है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। स्कूल की निदेशिका प्रो. राजकुमारी सिंह ने फिल्म समारोह में प्रतिभाग करने हेतु सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कुंवर मानवेंद्र सिंह, सभापति राज्यसभा उ0प्र0 तथा मुख्य वक्ता व प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक श्री जे नंद कुमार ने समारोह में प्रदर्शित सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को सम्मानित किया। आयोजन समिति के सदस्य श्री मनीष गुप्ता ने जानकारी दी कि सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जायेंगे। समारोह के दौरान पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार शुक्ला, शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री पुलकित शर्मा एवं शिक्षा शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री रश्मि पाण्डेय उपस्थित रहीं।

हिन्दुस्तान
मुरादाबाद, गुरुवार, 17 नवंबर 2022 04

## विद्यार्थियों ने फिल्मों का प्रदर्शन किया

मुरादाबाद। आईएफटीएम के स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने प्रेरणा विमर्श-2022 के तहत भविष्य का भारत मीडिया कॉनक्लेव, विमर्श एवं फिल्म फेस्टिवल में सरस्वती शिशु मंदिर, नोएडा में आयोजित समारोह में सहभागिता की। आईएफटीएम के पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित तीन फिल्मों उड़ान, दिवाली बिना पटकों वाली तथा उठो अनन्या का प्रदर्शन किया गया।

## आईएफटीएम के 22 विद्यार्थियों को मिली सफलता

मुरादाबाद। आईएफटीएम विवि के 22 विद्यार्थियों को जॉब मिली है। इनमें डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 16 विद्यार्थियों का रूद्रपुर की अशोक लीलेंड कंपनी, बीटेक ईसी के 1, डिप्लोमा ईसी के 4 एवं डिप्लोमा ईई के 1 विद्यार्थी को पुणे, महाराष्ट्र की कंपनी एपीटोम इंडिया लिमिटेड ने चयनित किया है। कुलसचिव प्रो संजीव अग्रवाल, केके बंसल, रनवीर राना, अभिषेक त्रिपाठी, प्रो मनोज कुमार रहे।

## एमएच कॉलेज ने रामपुर को 160 रनों से हराया

मुरादाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। आईएफटीएम के मैदान पर एमएचपीजी कॉलेज, मुरादाबाद व आईएफटीएम के सहयोग से जारी एमजेपी रुहेलखंड विवि इंटर कॉलेजिएट क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को चार मैचों में एमएचपीजी कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की।

20 ओवर में 250 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीआरपीजीसी कालेज, रामपुर की टीम ने 16.1 ओवर में 90 रन पर ही सिमटकर 160 रन से मैच हार गयी। इसी तरह दूसरा मैच मैच में केजीके कालेज, मुरादाबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्ले बाजी करते हुए 168 रन का लक्ष्य दिया, जिसका पीछा करने उतरी बरेली कालेज की टीम 20 ओवर्स में 147 रन बनाकर आउट हो गई और केजीके कालेज मुरादाबाद की टीम यह मैच 21 रन से जीत गयी। तीसरे रोमांचकारी मैच में आरएसएम पीजी कालेज, धामपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 125 रन बनाए, जिसके जवाब में जीएफ कालेज, शाहजहांपुर की टीम ने 19.2 ओवर में 131 रन बनाकर मैच जीत लिया। चौथे मैच में एसएस कालेज, शाहजहांपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में 167 रन बनाए तथा इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसएन कालेज, चनैसी की टीम 15.1 ओवर पर ऑलआउट हो गई और एसएस कालेज, शाहजहांपुर ने यह मैच 68 रन जीत लिया। खेल निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। जेपी सिंह, हर्ष सागर, कपिल गिल, शशांक कुमार, मनीष भट्ट, काजल आदि मौजूद रहीं।

अमर उजाला
मुरादाबाद | बृहस्पतिवार, 17 नवंबर 2022 8

## आईएफटीएम विवि के 22 छात्रों को मिली नौकरी

मुरादाबाद (वि)। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से 22 विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों में नौकरी मिली है। डिप्लोमा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 16 छात्रों का रुद्रपुर उत्तराखंड स्थित कंपनी अशोक लीलेंड में चयन हुआ है। अन्य छात्रों का चयन दूसरी कंपनियों में हुआ है।

विवि के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के केके बंसल ने इन कंपनियों के पदाधिकारियों रनवीर राना, अभिषेक त्रिपाठी, मिस प्रगतिका के प्रति आभार जताया है। यूनिवर्सिटी पोलिटेक्निक के निदेशक वैभव त्रिवेदी और स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं। प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कराने में आशीष अग्रवाल, डॉ. संजय कुमार सिंह, प्रो. अरविंद चौधरी, आयुष सक्सेना, डॉ. शालू, संजीव कुमार सिंह, अंकित अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

# आईएफटीएम के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने फिल्म समारोह में सीखीं फिल्म निर्माण की बारीकियां

**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के बीएजे के 13, एमए-जेएमसी के 4 कुल 17 विद्यार्थियों ने प्रेरणा विमर्श संस्था की ओर से आयोजित प्रेरणा विमर्श-2022 भविष्य का भारत मीडिया कॉनक्लेव, विमर्श एवं फिल्म फेस्टिवल में सरस्वती शिशु मंदिर, नोएडा के सभागार में आयोजित समारोह में प्रतिभाग किया। समारोह के दौरान विभिन्न राज्यों के साथ ही आईएफटीएम विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित तीन फिल्मों उड़ान, दिवाली बिना पटकों वाली तथा उठो अनन्या का प्रदर्शन किया गया। इस फिल्म समारोह में बॉलीवुड के जाने माने फिल्म निर्देशक एवं अभिनेता श्री रतन राठौर तथा फिल्मकार श्री मधुकर पाण्डेय ने विद्यार्थियों को फिल्म निर्माण की बारीकियां सिखाईं। श्री राठौर ने कहा कि फिल्म निर्माण के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा युवाओं में नया दृष्टिकोण पैदा करने की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि युवा अधिक से अधिक पढ़ें तथा समाज के हर पहलू का बारीकी से अवलोकन करते हुए वे कम बजट की लघु फिल्मों के निर्माण से शुरूआत कर सकते हैं। श्री पाण्डेय ने पटकथा लेखन की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्क्रिप्ट फिल्म निर्माण की नींव होती है, इसलिए युवा लेखन के क्षेत्र में अपना कदम आगे बढ़ाएं। उन्होंने यह भी कहा कि अच्छी फिल्म बनाने के लिए अच्छी फिल्में देखना भी जरूरी है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। स्कूल की निदेशिका प्रो. राजकुमारी सिंह ने फिल्म समारोह में प्रतिभाग करने हेतु सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कुंवर मानवेंद्र सिंह, सभापति राज्यसभा उ0प्र0 तथा मुख्य वक्ता व प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक श्री जे नंद कुमार ने समारोह में प्रदर्शित सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को सम्मानित किया। आयोजन समिति के सदस्य श्री मनीष गुप्ता ने जानकारी दी कि सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जायेंगे। समारोह के दौरान पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार शुक्ला, शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री पुलकित शर्मा एवं शिक्षा शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री रश्मि पाण्डेय उपस्थित रहीं।

# आईएफटीईएम विश्वविद्यालय में अंर्तमहाविद्यालय क्रिकेट टूनार्मेंट में एमएचपीजी कालेज ने 20 ओवर में जड़े 250 रन



युग बन्धु समाचार

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज, मुरादाबाद तथा आईएफटीएम विश्वविद्यालय के सहयोग से चल रहे एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय इंटरकोलेजिएट क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को खेले गए चार मैचों में महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज, मुरादाबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में ताबड़तोड़ 250 रन जड़ दिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीआरपीजीसी कालेज, रामपुर की टीम ने 16.1 ओवर्स में 90 रन पर ही सिमटकर 160 रन से मैच हार गयी। इसी तरह दूसरा मैच मैच में केजीजी कालेज, मुरादाबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्ले बाजी करते हुए 168 रन का लक्ष्य दिया, जिसका पीछा करने उतरी बरेली कालेज की टीम 20 ओवर्स में 147 रन बनाकर आउट हो गई और केजीके कालेज मुरादाबाद की टीम यह मैच 21 रन से जीत गयी। तीसरे रोमांचकारी मैच में आरएसएम पीजी कालेज, धामपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में 125 रन बनाए, जिसके जवाब में जीएफ कालेज, शाहजहांपुर की टीम ने 19.2 ओवर्स में 131 रन बनाकर मैच जीत लिया। चैथे मैच में एसएस कालेज, शाहजहांपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में 167 रन बनाए तथा इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसएन कालेज, चनैसी की टीम 15.1 ओवर्स पर ऑलआउट हो गई और एसएस कालेज, शाहजहांपुर ने यह मैच 68 रन जीत लिया। मैच के दौरान विश्वविद्यालय के खेल निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी तथा महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज के शिक्षकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में अंपायर जेपी सिंह, हर्ष सागर के अतिरिक्त कपिल गिल, शशांक कुमार, मनीष भट्ट एवं काजल रानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई अधिकारी, शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने फिल्म समारोह में सीखीं फिल्म निर्माण की बारीकियां

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद**। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के बीएजे के 13, एमए-जेएमसी के 4 कुल 17 विद्यार्थियों ने प्रेरणा विमर्श संस्था की ओर से आयोजित प्रेरणा विमर्श-2022 भविष्य का भारत मीडिया कॉनक्लेव, विमर्श एवं फिल्म फेस्टिवल में सरस्वती शिशु मंदिर, नोएडा के सभागार में आयोजित समारोह में प्रतिभाग किया। समारोह के दौरान विभिन्न राज्यों के साथ ही आईएफटीएम विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित तीन फिल्मों उड़ान, दिवाली बिना पटकों वाली तथा उठो अनन्या का प्रदर्शन किया गया। इस फिल्म समारोह में बॉलीवुड के जाने माने फिल्म निर्देशक एवं अभिनेता श्री रतन राठौर तथा फिल्मकार मधुकर पाण्डेय ने विद्यार्थियों को फिल्म निर्माण की बारीकियां सिखाईं। राठौर ने कहा कि फिल्म निर्माण के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा युवाओं में नया दृष्टिकोण पैदा करने की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि युवा अधिक से अधिक पढ़ें तथा समाज के हर पहलू का बारीकी से अवलोकन करते हुए वे कम बजट की लघु फिल्मों के निर्माण से शुरूआत कर सकते हैं। श्री पाण्डेय ने पटकथा लेखन की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्क्रिप्ट फिल्म निर्माण की नींव होती है, इसलिए युवा लेखन के क्षेत्र में अपना कदम आगे बढ़ाएं। उन्होंने यह भी कहा कि अच्छी फिल्म बनाने के लिए अच्छी फिल्में देखना भी जरूरी है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। स्कूल की निदेशिका प्रो. राजकुमारी सिंह ने फिल्म समारोह में प्रतिभाग करने हेतु सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कुंवर मानवेंद्र सिंह, सभापति राज्यसभा उ0प्र0 तथा मुख्य वक्ता व प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे नंद कुमार ने समारोह में प्रदर्शित सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को सम्मानित किया। आयोजन समिति के सदस्य मनीष गुप्ता ने जानकारी दी कि सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जायेंगे। समारोह के दौरान पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार शुक्ला, शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर पुलकित शर्मा एवं शिक्षा शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर रश्मि पाण्डेय उपस्थित रहीं।




प्रेरणा विमर्श संस्था द्वारा नोएडा में फिल्म समारोह में प्रतिभाग करते आई एफ टी एम विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थी, साथ में बॉलीवुड के जाने माने फिल्मकार श्री मधुकर पाण्डेय (मध्य में), पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार शुक्ला, शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री पलकित शर्मा. शिक्षा शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सश्री रश्मि पाण्डेय

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 22 विद्यार्थियों को मिली जॉब

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमैंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से डिप्लोमा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 16 विद्यार्थियों का रूद्रपुर, उत्तराखण्ड स्थित कम्पनी अशोक लीलेंड लि0; बी.टैक. ई.सी के 01, डिप्लोमा ईसी के 04 एवं डिप्लोमा ईई के 01 विद्यार्थी का पुणे, महाराष्ट्र स्थित एपीटोम इंडिया लि0 में आकर्षक वेतनमान पर चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आप सभी पूरे मनोयोग से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें और ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें।

प्रो. अग्रवाल ने यह भी कहा कि विद्यार्थी अपनी स्किल क्षमता में निरन्तर वृद्धि करते रहें। इस अवसर पर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के निदेशक के.के. बंसल ने उक्त कम्पनियों के पदाधिकारियो रनवीर राना, अभिषेक त्रिपाठी एवं मिस. प्रगतिका के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक के निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी एवं स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने भी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न कराने में सीनियर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी आशीष अग्रवाल, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह तथा स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी एवं यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक असिस्टेंट प्रोफेसर अरविन्द चैधरी, आयुष सक्सेना, डॉ. शालू, संजीव कुमार सिंह एवं अंकित अग्रवाल का योगदान रहा।

16 NOVEMBER

# आईएफटीएम में अंतर्महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट में एमएचपीजी कालेज ने 20 ओवर में जड़े 250 रन



**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज, मुरादाबाद तथा आईएफटीएम विश्वविद्यालय के सहयोग से चल रहे एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय इंटरकोलेजिएट क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को खेले गए चार मैचों में महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज, मुरादाबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में ताबड़तोड़ 250 रन जड़ दिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीआरपीजीसी कालेज, रामपुर की टीम ने 16.1 ओवर्स में 90 रन पर ही सिमटकर 160 रन से मैच हार गयी। इसी तरह दूसरा मैच मैच में केजीजी कालेज, मुरादाबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्ले बाजी करते हुए 168 रन का लक्ष्य दिया, जिसका पीछा करने उतरी बरेली कालेज की टीम 20 ओवर्स में 147 रन बनाकर आउट हो गई और केजीके कालेज मुरादाबाद की टीम यह मैच 21 रन से जीत गयी। तीसरे रोमांचकारी मैच में आरएसएम पीजी कालेज, धामपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में 125 रन बनाए, जिसके जवाब में जीएफ कालेज, शाहजहांपुर की टीम ने 19.2 ओवर्स में 131 रन बनाकर मैच जीत लिया। चैथे मैच में एसएस कालेज, शाहजहांपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में 167 रन बनाए तथा इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसएन कालेज, चनैसी की टीम 15.1 ओवर्स पर ऑलआउट हो गई और एसएस कालेज, शाहजहांपुर ने यह मैच 68 रन जीत लिया। मैच के दौरान विश्वविद्यालय के खेल निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी तथा महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज के शिक्षकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में अंपायर श्री जेपी सिंह, श्री हर्ष सागर के अतिरिक्त श्री कपिल गिल, श्री शशांक कुमार, श्री मनीष भट्ट एवं सुश्री काजल रानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई अधिकारी, शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में अंतर्महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में एमजेपीआरयू कैम्पस बरेली की टीम को करना पड़ा हार का सामना

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज, मुरादाबाद तथा आईएफटीएम विश्वविद्यालय के सहयोग से चल रहे एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय इंटरकोलेजिएट क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को चार मैच खेले गए। जिसमें एमजेपीआरयू कैम्पस, बरेली की टीम को पहले ही मैच में हार का सामना करना पड़ा। पहला मैच में एसएसपीजी कालेज, शाहजहांपुर ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए हिन्दू कालेज, मुरादाबाद की टीम को 20 ओवरों में 107 रन का लक्ष्य दिया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिन्दू कालेज, मुरादाबाद की टीम 19.5 ओवरों में 92 रन पर ही आल आउट हो गई और यह मैच 16 रन से हार गयी। जीबी पन्त कालेज, बदायूं की टीम और एमएच पीजी कालेज की टीम के बीच में हुए दूसरे मैच में जीबी पन्त कालेज, बदायू की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 80 रन पर आलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कालेज, मुरादाबाद की टीम ने 5 आवर्स में 82 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। तीसरा मैच जीएफ कालेज, शाहजहांपुर और एमजेपीआरयू कैम्पस, बरेली के बीच हुआ, जिसमें जीएफ कालेज की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 137 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमजेपीआयू कैम्पस, बरेली ने 20 ओवर्स में 07 विकेट खोकर 125 रन बनाये तथा जीएफ कालेज, शाहजहांपुर ने यह मैच 12 रन से जीत लिया। चैथा मैच जेएसएचपीजी कालेज, अमरोहा और केजीके कालेज, मुरादाबाद की टीमों के मध्य खेला गया। जेएसएचपीजी कालेज, अमरोहा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए 20 ओवर्स में केजीके कालेज, मुरादाबाद को 144 रन पर रोका, जेएसएचपीजी कालेज, अमरोहा की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवरों में 09 विकेट खोकर 107 रन बनाये।





केजीके कालेज, मुरादाबाद की टीम ने यह मैच 37 रन से जीत लिया। मैच के दौरान विश्वविद्यालय के खेल निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी तथा महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज के शिक्षकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

टूर्नामेंट के सफल आयोजन में अंपायर जेपी सिंह, हर्ष सागर के अतिरिक्त कपिल गिल, शशांक कुमार, मनीष भट्ट, सुश्री काजल रानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई अधिकारी, शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में न्यूज पेपर कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में स्टूडेंट्स डेवलपमेंट सेल द्वारा इमरजिंग इश्यूज एंड चैलेंजेस इन बिजनेस एंड इकोनॉमिक्स की थीम पर द इंट्रा स्कूल न्यूज पेपर कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की कौशल क्षमता को बढ़ाती है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थी इंडस्ट्री की डिमांड के अनुसार अपना विकास करें। स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को समाचार पत्रों की डिजाइनिंग और पेज मेकिंग सीखने की जानकारी प्राप्त हुई, इससे उन्हें रोजगार मिलने में सहायता मिलेगी। प्रतियोगिता के दौरान डॉ. स्वाति राय, डॉ. मेघा भाटिया एवं श्री आकाश कुमार आर्य निर्णायक मंडल के सदस्य रहे।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में स्टूडेंट्स डेवलपमेंट सेल के समन्वयक व मैनेजमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हिमांशु गुप्ता समेत डॉ. आरती गर्ग, सुश्री ज्योति सिंह एवं सुश्री संध्या शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता बायोब्रेन्ज 7-2022 का आयोजन



**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी में स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल द्वारा बाल दिवस के अवसर पर जीवन विज्ञान विषय पर आधारित एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता बायोब्रेन्ज 7-2022 का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के 146 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की बधाई देते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दिए गए 50 प्रश्नों का उत्तर देने हेतु कुल 60 मिनट का समय निर्धारित था, जिसे छात्र-छात्राओं ने ससमय पूरे उत्साह के साथ पूर्ण किया। प्रतियोगिता में बी.एससी. बायोटेक्नोलॉजी, तृतीय वर्ष की छात्रा अरीना प्रथम बी.एससी. माइकक्रोबायोलॉजी, द्वितीय वर्ष की छात्रा अंशिका द्वितीय तथा बी.टेक. बायोटेक्नोलॉजी चतुर्थ वर्ष की रुशदा तृतीय स्थान पर रहीं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थियों समेत सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा यह भी कहा कि युवा विद्यार्थी ही भारत का भविष्य हैं अतः हम सभी को इन्हें आगे बढ़ने के लिए बेहतर वातावरण बनाना होगा।

कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल के निदेशक डॉ. तंजील अहमद ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कार्यक्रम के आयोजन सचिव व विभागाध्यक्ष डॉ. स्वप्न कुमार श्रीवास्तव, संयोजक व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. उत्कर्ष त्यागी, असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री अनुष्ठी सिंह, यतेंदर सिंह एवं डॉ. दामिनि मैठाणी का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करके सम्मानित भी किया गया।



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता "बायोब्रेन्ज 7-2022" का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी में स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल द्वारा बाल दिवस के अवसर पर जीवन विज्ञान विषय पर आधारित एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता "बायोब्रेन्ज 7-2022" का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के 146 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की बधाई देते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दिए गए 50 प्रश्नों का उत्तर देने हेतु कुल 60 मिनट का समय निर्धारित था, जिसे छात्र. छात्राओं ने ससमय पूरे उत्साह के साथ पूर्ण किया। प्रतियोगिता में बीएससी बायोटेक्नोलॉजी, तृतीय वर्ष की छात्रा अरीना प्रथमय बीएससी माइक्रोबायोलॉजी, द्वितीय वर्ष की छात्रा अंशिका द्वितीय तथा बीटेक बायोटेक्नोलॉजी चतुर्थ वर्ष की रुशदा तृतीय स्थान पर रहीं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थियों समेत सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा यह भी कहा कि युवा विद्यार्थी ही भारत का भविष्य हैं अत: हम सभी को इन्हें आगे बढ़ने के लिए बेहतर वातावरण बनाना होगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल के निदेशक डा. तंजील अहमद ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कार्यक्रम के आयोजन सचिव व विभागाध्यक्ष डॉ. स्वप्न कुमार श्रीवास्तव, संयोजक व असिस्टेंट प्रोफेसर डा. उत्कर्ष त्यागी, असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री अनुष्ठी सिंह, यतेंदर सिंह एवं डा. दामिनि मैठाणी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करके सम्मानित भी किया गया।



हिन्दुस्तान

मुरादाबाद, बुधवार, 16 नवंबर 2022 08

## केजीके और एमएच कॉलेज ने जीते मैच

मुरादाबाद। आईएफटीएम विवि के मैदान पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में एसएसपीजी कॉलेज, शाहजहांपुर ने हिन्दू कॉलेज, मुरादाबाद को पराजित किया। महाराजा हरिश्चंद पीजी कॉलेज ने जीबी पंत कॉलेज, बदायूं को शिकस्त दी। जीएफ कॉलेज, शाहजहांपुर ने एमजेपीआरयू कैंपस बरेली को हराया। केजीके कॉलेज ने जेएसएचपीजी कॉलेज अमरोहा को पराजित किया।

15 NOVEMBER

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'न्यूज पेपर कोलाज मेकिंग' प्रतियोगिता का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में स्टूडेंट्स डेवलपमेंट सेल द्वारा इमरजिंग इश्यूज एंड चौलेंजेस इन बिजनेस एंड इकोनॉमिक्स की थीम पर द इंट्रा स्कूल न्यूज पेपर कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के



कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की कौशल क्षमता को बढ़ाती है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थी इंडस्ट्री की डिमांड के अनुसार अपना विकास करें। स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को समाचार पत्रों की डिजाइनिंग और पेज मेकिंग सीखने की जानकारी प्राप्त हुई, इससे उन्हें रोजगार मिलने में सहायता मिलेगी। प्रतियोगिता के दौरान डॉ स्वाति राय, डॉ मेघा भाटिया एवं आकाश कुमार आर्य निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में स्टूडेंट्स डेवलपमेंट सेल के समन्वयक व मैनेजमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डा हिमांशु गुप्ता समेत डा. आरती गर्ग, सुश्री ज्योति सिंह एवं सुश्री संध्या शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में अंतर्महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में एमजेपीआरयू कैम्पस बरेली की टीम को करना पड़ा हार का सामना





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कॉलेजए मुरादाबाद तथा आईएफटीएम विश्वविद्यालय के सहयोग से चल रहे एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय इंटर कोलेजिएट क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को चार मैच खेले गए। जिसमें एमजेपीआरयू कैम्पसए बरेली की टीम को पहले ही मैच में हार का सामना करना पड़ा। पहला मैच में एसएसपीजी कालेजए शाहजहांपुर ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए हिन्दू कालेजए मुरादाबाद की टीम को 20 ओवरों में 107 रन का लक्ष्य दिया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिन्दू कालेजए मुरादाबाद की टीम 19.5 ओवरों में 92 रन पर ही आल आउट हो गई और यह मैच 16 रन से हार गयी। जीबी पन्त कालेज, बदायूं की टीम और एमएच पीजी कालेज की टीम के बीच में हुए दूसरे मैच में जीबी पन्त कालेज, बदायू की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 80 रन पर आलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कालेज, मुरादाबाद की टीम ने 5 आवर्स में 82 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। तीसरा मैच जीएफ कालेज, शाहजहांपुर और एमजेपीआरयू कैम्पस, बरेली के बीच हुआ, जिसमें जीएफ कालेज की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 137 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमजेपी आयू कैम्पस, बरेली ने 20 ओवर्स में 07 विकेट खोकर 125 रन बनाये तथा जीएफ कालेजए शाहजहांपुर ने यह मैच 12 रन से जीत लिया। चौथा मैच जेएसएच पीजी कालेज, अमरोहा और केजीके कालेज, मुरादाबाद की टीमों के मध्य खेला गया। जेएसएचपीजी कालेज, अमरोहा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए 20 ओवर्स में केजीके कालेज, मुरादाबाद को 144 रन पर रोका, जेएसएचपीजी कालेजए अमरोहा की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवरों में 09 विकेट खोकर 107 रन बनाये। केजीके कालेज, मुरादाबाद की टीम ने यह मैच 37 रन से जीत लिया। मैच के दौरान विश्वविद्यालय के खेल निदेशक प्रो वैभव त्रिवेदी तथा महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज के शिक्षकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में अंपायर जेपी सिंह, हर्ष सागर के अतिरिक्त कपिल गिल, शशांक कुमार, मनीष भट्ट सुश्री काजल रानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई अधिकारी शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

14 NOVEMBER

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर हुआ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक की ओर से राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के संयोजक व यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी ने उपस्थित विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की सह संयोजिका व यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक की अपर निदेशिका प्रो. नीलू त्रिवेदी की देखरेख में प्रतियोगिता का सफल संचालन हुआ। इस प्रतियोगिता में डिप्लोमा सिविल इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष के छात्र शिव कौशिक ने प्रथम स्थान, डिप्लोमा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष के छात्र अभिषेक कुमार ने द्वितीय स्थान एवं डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष के छात्र ऋतिक त्यागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के अंकुर जैन, डॉ. पुनीत खन्ना, मयंक भारद्वाज, महावीर रावत, विवेक शंखधर निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समन्वयक आशीष नागिला, सह समन्वयक संजीव भारद्वाज का अहम योगदान रहा। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के विभिन्न विभागों के 105 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में चल रहे इंटर कॉलेजिएट क्रिकेट टूनार्मेंट के तीसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम





**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के क्रिकेट ग्राउंट में आयोजित रूहेहखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली की इंटर कॉलेजिएट क्रिकेट टूनार्मेंट के तीसरे दिन दो मैच खेले गये। प्रथम मैच एमएचपीजी कालेज, मुरादाबाद और गन्ना उत्पादक महाविद्यालय, बहेड़ी के बीच खेला गया, जिसमें एमएच कालेज की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। गन्ना उत्पादक की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में एमएच कालेज के समक्ष 137 रन का लक्ष्य रखा, इस लक्ष्य का पीछा करते हुए एमएच कालेज के बल्लेबाजों ने 03 विकेट के नुकसान पर 15 ओवर में लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। एमएच कालेज की ओर से सर्वाधिक 67 रन मौहम्मद अनस ने बनाये। दूसरा मैच एसएस पीजी कालेज, शाहजहांपुर और एनएसएमएन दास कालेज, बदायूं के बीच खेला गया, एसएसपीजी कालेज, शाहजहांपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 20 ओवर में 148 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए एनएसएमएन दास कालेज की टीम केवल 91 रन पर ही ढेर हो गयी। मैच के दौरान आईएफटीएम विश्वविद्यालय के खेल निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर फैकल्टी मैम्बर्स में श्री देश दीपक, श्री कपिल गिल, श्री शशांक कुमार एवं श्री मनीष भट्ट समेत विश्वविद्यालय के कई अन्य शिक्षक एवं भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# यूजीसी-नेट परीक्षा में प्राप्त की सफलता

राजेश कुमार शुक्ला



मुरादाबाद (फैजाबाद की आवाज)। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के शिक्षा विभाग के छात्र राजीव कुमार, फौजिया, रिया शर्मा; भूगोल विभाग के निशांक भटनागर, वरूण कुमार, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट के कॉमर्स विभाग की आकांक्षा गुप्ता, स्कूल ऑफ लॉ की नेहा शर्मा ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित ''यूजीसी-नेट दिसंबर-2021 और जून-2022 (विलय चक्र)'' की परीक्षा में सफलता प्राप्त करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। सत्र 2021-2022 बैच के पास आउट उक्त सभी विद्यार्थियों में से आकांक्षा गुप्ता एवं वरूण कुमार जेआरएफ तथा असिस्टेंट प्रोफेसर दोनों के लिए योग्य पाए गए है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही किसा भी शिक्षण संस्थान में शिक्षण की गुणवत्ता का परिचायक होती है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों की इस सफलता से विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थी भी अवश्य प्रेरित होंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने भी विद्यार्थियों की उपलब्धि के इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि विद्यार्थी को सही समय से उचित मार्गदर्शन मिले तो लक्ष्य हासिल करना आसान हो जाता है। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने यह जानकारी भी दी कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा रही है और गोद लिए गए गांवों की मेधावी बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। इस मौके पर स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की निदेशिका प्रो. राजकुमारी सिंह, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल एवं स्कूल ऑफ लॉ के निदेशक प्रो. एस.बी. मिश्रा समेत विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के निदेशकों, विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों ने भी हर्ष व्यक्त किया है।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ फैकल्टी और स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम



**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से फैकल्टी और स्टूडेंट्स डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किए गए। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों और शिक्षकों का शैक्षिक एवं शिक्षण गुणवत्तापूर्ण बनता है। कार्यक्रम के पहले सत्र में आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में आउटकम बेस्ड एजुकेशन विषय पर शिक्षक प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए लखनऊ के जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अख्तर महमूद ने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए कि जिससे समाज और राष्ट्र को लाभ पहुंच सके। वहीं दूसरे सत्र में पॉजिटिव थिंकिंग एंड हेल्थी लिविंग विषय पर स्टूडेंट्स डेवलपमेंट प्रोग्राम में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 125 से अधिक विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. अख्तर महमूद ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने पर ही अच्छी सोच भी दिमाग में आयेगी तथा हम सभी कार्य को अच्छे तरीके से कर सकेंगे। इस मौके पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक के.के. बंसल ने डॉ. महमूद का स्वागत करते हुए कहा कि डॉ. महमूद के व्याख्यानों से विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनो को अवश्य लाभ पहुंचेगा।



इस दौरान डॉ. महमूद ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर भी दिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के श्री गुलरेज खान समेत सीनियर टेर्जनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी आशीष अग्रवाल, डॉ. संजय कुमार सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

13 NOVEMBER

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में चल रहे इंटर कॉलेजिएट क्रिकेट टूनामेंट के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज मुरादाबाद तथा आईएफटीएम विश्वविद्यालय के सहयोग से चल रहे एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय इंटर कॉलेजिएट क्रिकेट टूनामेंट के दूसरे दिन तीन कॉलेजों की टीमों के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। रविवार को हुए तीन रोमांचकारी मैचों में जीएफ कॉलेज, शाहजहांपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 196 बनाकर एमजीएम कॉलेज, संभल की टीम को 13.5 ओवर में मात्र 78 रन पर ही आउट कर 114 रन से जीत हासिल की। इसी तरह दूसरे मुकाबले में गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, बदायूं की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 93 पर आल आउट हो गई, जबकि केजीके पीजी कॉलेज, मुरादाबाद की टीम ने मात्र 10.1 ओवर में 97 रन बना कर 8 विकेट से जीत दर्ज की। वहीं बीबीएस कॉलेज, बिजनौर की टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 128 रन बनाए। इस बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी एजीएम कॉलेज, अमरोहा की टीम ने 18.1 ओवर में आसानी से 129 रन बनाकर 7 विकेट से बीबीएस कॉलेज, बिजनौर की टीम को हरा दिया। विश्वविद्यालय के खेल निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही उन्होंने बताया कि यह टूनामेंट 18 नवंबर तक चलेगा।

टूनामेंट के दौरान श्री जे.पी. सिंह और हर्ष सागर का अंपायरिंग में विशेष योगदान रहा। टूनामेंट के सफल आयोजन में कपिल गिल, शशांक कुमार, मनीष भट्ट, सुश्री काजल रानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह समेत अन्य अधिकारीगण, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 7 विद्यार्थियों ने यूजीसी-नेट परीक्षा में प्राप्त की सफलता















**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के शिक्षा विभाग के छात्र राजीव कुमार, फौजिया, रिया शर्मा; भूगोल विभाग के निशांक भटनागर, वरूण कुमार; स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट के कॉमर्स विभाग की आकांक्षा गुप्ता; स्कूल ऑफ लॉ की नेहा शर्मा ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट दिसंबर-2021 और जून-2022 (विलय चक्र) की परीक्षा में सफलता प्राप्त करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। सत्र 2021-2022 बैच के पास आउट उक्त सभी विद्यार्थियों में से आकांक्षा गुप्ता एवं वरूण कुमार जेआरएफ तथा असिस्टेंट प्रोफेसर दोनों के लिए योग्य पाए गए हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही किसी भी शिक्षण संस्थान में शिक्षण की गुणवत्ता का परिचायक होती है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों की इस सफलता से विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थी भी अवश्य प्रेरित होंगे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों, यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल में पूर्व से ही सभी आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित विशेष कक्षायें स्थापित हैं, जिनमे उन्नत शिक्षार्थियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु विशेष तैयारी करायी जाती हैं। जिन परीक्षाओं की तैयारी में विद्यार्थियों द्वारा ज्यादा अभिरुचि ली जाती है वे परीक्षाएं जीपैट, नेट, पीसीएस (जे) एवं सीडीएस इत्यादि हैं। विद्यार्थियों और उनका मार्गदर्शन कर रहे शिक्षकों को बधाई दी है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने भी विद्यार्थियों की उपलब्धि के इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि विद्यार्थी को सही समय से उचित मार्गदर्शन मिले तो लक्ष्य हासिल करना आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में विद्यार्थियों की सफलता को विश्वविद्यालय के विषय विशेषज्ञों द्वारा ससमय उपलब्ध कराई गई सम्यक जानकारी का प्रतिफल माना जा सकता है। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने यह जानकारी भी दी कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा रही है और गोद लिए गए गांवों की मेधावी बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। इस मौके पर स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की निदेशिका प्रो. राजकुमारी सिंह, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल एवं स्कूल ऑफ लॉ के निदेशक प्रो. एस.बी. मिश्रा समेत विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के निदेशकों, विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों ने भी हर्ष व्यक्त किया है।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में चल रहे "इंटर कॉलेजिएट क्रिकेट टूर्नामेंट" के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**-आज समाचार सेवा-**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज मुरादाबाद तथा आईएफटीएम विश्वविद्यालय के सहयोग से चल रहे "एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय इंटर कॉलेजिएट क्रिकेट टूर्नामेंट" के दूसरे दिन तीन कॉलेजों की टीमों के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। रविवार को हुए तीन रोमांचकारी मैचों में जीएफ कॉलेज, शाहजहांपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 196 बनाकर एमजीएम कॉलेज, संभल की टीम को 13.5 ओवर में मात्र 78 रन पर ही आउट कर 114 रन से जीत हासिल की। इसी तरह दूसरे मुकाबले में गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, बदायूं की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 93 पर आल आउट हो गई, जबकि केजीके पीजी कॉलेज, मुरादाबाद की टीम ने मात्र 10.1 ओवर में 97 रन बना कर 8 विकेट से जीत दर्ज की। वहीं बीबीएस कॉलेज, बिजनौर की टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 128 रन बनाए। इस बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी एजीएम कॉलेज, अमरोहा की टीम ने 18.1 ओवर में आसानी से 129 रन बनाकर 7 विकेट से बीबीएस कॉलेज, बिजनौर की टीम को हरा दिया।

विश्वविद्यालय के खेल निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही उन्होंने बताया कि यह टूर्नामेंट 18 नवंबर तक चलेगा। टूर्नामेंट के दौरान श्री जे.पी. सिंह और श्री हर्ष सागर का अंपायरिंग में विशेष योगदान रहा। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में श्री कपिल गिल, श्री शशांक कुमार, श्री मनीष भट्ट, सुश्री काजल रानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह समेत अन्य अधिकारीगण, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अमर उजाला
amarujala.com
मुरादाबाद | रविवार, 13 नवंबर 2022
6

# हिंदू कॉलेज ने एसएस कॉलेज को दी शिकस्त

मुरादाबाद। आईएफटीएम विवि में महाराजा हरिश्चंद्र कॉलेज की ओर से आयोजित सात दिवसीय एमजेपी रूहेलखंड विवि इंटर कॉलेजियट क्रिकेट लीग का शुभारंभ किया गया।

टूर्नामेंट में विभिन्न महाविद्यालयों की 22 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। टूर्नामेंट में पहले दिन हिंदू कॉलेज, एसएल कॉलेज के बीच मुकाबला हुआ। हिंदू कॉलेज मुरादाबाद ने 20 ओवर में 131 रन बनाकर एसएस कॉलेज को 51 रनों से शिकस्त दी।

एसएल कॉलेज लक्ष्य का पीछा करते हुए 80 रन पर ही ढेर हो गई। इससे पूर्व आईएफटीएम के प्रति कुलाधिपति अभिनव कोठीवाल ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हार -जीत की परवाह किए बिना बेहतर प्रदर्शन करें। प्रो. पांडेय ने कहा कि आईएफटीएम विवि के विद्यार्थी खेल के क्षेत्र राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं।

महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज के प्रबंधक काव्य सौरभ रस्तोगी ने कहा कि इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। संवाद



मुरादाबाद, 13 नवंबर, 2022 दैनिक जागरण 9

# क्रिकेट टूर्नामेंट में हिंदू कालेज ने एसएल की टीम को हराया

जासं, मुरादाबाद: आइएफटीएम विश्वविद्यालय में इंटर कालेजिएट क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित हुआ। इस टूर्नामेंट में विभिन्न महाविद्यालयों की 22 टीमों ने प्रतिभाग किया। शनिवार को हिंदू कालेज मुरादाबाद ने 20 ओवर में 131 रन बनाकर एसएल कालेज को 51 रनों से हराया। पीछा करते हुए एसएल कालेज की टीम 20 ओवर में मात्र 80 रन ही बना पाई। टूर्नामेंट के दौरान जेपी सिंह और हर्ष सागर ने अंपायरिंग तथा काजल रानी ने स्कोरिंग में योगदान दिया। टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रति कुलाधिपति अभिनव कोठीवाल ने किया। आइएफटीएम विश्वविद्यालय में महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कालेज के सहयोग से सात दिवसीय एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय इंटर कालेजिएट क्रिकेट टूर्नामेंट खेला जा रहा है। कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने खेल को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि सभी खिलाड़ी अनुशासित रहकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कालेज के प्रबंधक डा. काव्य सौरभ रस्तोगी ने कहा कि इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। कालेज के प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार आभार ने आभार जताया। खेल निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी, कपिल गिल, शशांक कुमार, मनीष भट्ट, प्रतिकुलपति प्रो. राहुल कुमार मिश्रा मौजूद थे।

12 NOVEMBER

# आईएफटीएम में इंटर कॉलेजियट क्रिकेट टूर्नामेंट का प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज, मुरादाबाद द्वारा आईएफटीएम विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय इंटर कॉलेजियट क्रिकेट टूर्नामेंट का आईएफटीएम विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल ने शनिवार को उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रतिकुलाधिपति कोठीवाल ने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी हार, जीत की परवाह किए बगैर अपना बेहतर प्रदर्शन करें। इस अवसर पर कुलपति प्रोण् महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय हर संभव मदद करने हेतु तत्पर है। कुलपति प्रोण् पाण्डेय ने यह भी बताया कि आईएफटीएम विश्वविद्यालय के विद्यार्थी खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सफल होकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि सभी खिलाड़ी अनुशासित रहकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज, मुरादाबाद के प्रबंधक डॉ. काव्य सौरभ रस्तोगी ने कहा कि इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार ने आईएफटीएम विश्वविद्यालय के प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय हमारे लिए एक ब्रांड की तरह है, जिसमें हमें यहां यह टूर्नामेंट आयोजित करने का मौका मिला है। इस मौके पर आईएफटीएम विश्वविद्यालय के खेल निदेशक प्रोण् वैभव त्रिवेदी ने कहा कि इस टूर्नामेंट से विश्वविद्यालय के सभी खिलाड़ी विद्यार्थी खेल के प्रति प्रेरित होंगे। प्रो. त्रिवेदी ने यह भी बताया कि इस टूर्नामेंट में विभिन्न महाविद्यालयों की 22 टीमों ने प्रतिभाग किया। आज हुए रोमांचक मुकाबले में हिंदू कालेज, मुरादाबाद ने 20 ओवर में 131 रन बनाकर एसएल कॉलेज को 51 रनों से शिकस्त दी। वहीं 131 रन का पीछा करते हुए एसएल कॉलेज की टीम 20 ओवर में मात्र 80 रन ही बना पाई। टूर्नामेंट के दौरान जेपी सिंह और श्री हर्ष सागर का अंपायरिंग तथा सुश्री काजल रानी का स्कोरिंग में विशेष योगदान रहा। इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन में कपिल गिल, शशांक कुमार एवं मनीष भट्ट की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. राहुल कुमार मिश्रा समेत विश्वविद्यालय के समस्त निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।





# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंटर कॉलेजियट क्रिकेट टूर्नामेंट का प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल ने किया उद्घाटन



**युग बन्धु समाचार**

